

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, सोमवार 20 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-291 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सड़क हादसे में दो की मौत,सीएम ने जताया शोक

**कोंडागांव.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव के नेशनल हाइवे 30 में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने ट्वीट किया कि कोंडागांव में स्कूली बस और ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में वाहन चालक सहित एक शिक्षक के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है. बस में सवार स्कूली बच्चों में कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है, जिनका इलाज जारी है. जिला प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं.

### उत्तराखंड में UCC लागू करने की तैयारियां तेज

**नैनीताल,20 जनवरी।** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नियमावली को मंजूरी दे दी। अधिकारियों के अनुसार, यह विकास विधायी विभाग द्वारा मैनुअल की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद हुआ। मंजूरी के बारे में बोलते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2022 के चुनावों से पहले किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। धामी ने कहा कि हमने 2022 में उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम यूसीसी बिल लाएंगे। हम इसे ले आये। मसौदा समिति ने इसका मसौदा तैयार किया, यह पारित हुआ, राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी और यह एक अधिनियम बन गया। ट्रेनिंग की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर चीज का विश्लेषण करने के बाद हम जल्द ही तारीखों की घोषणा करेंगे।

### राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली,20 जनवरी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली। अदालत ने उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़ा यह मामला है। इसे लेकर मानहानि का मामला रद्द करने संबंधी राहुल गांधी की याचिका पर एससी में आज सुनवाई हुई। अदालत ने झारखंड सरकार और स्थानीय भाजपा नेता को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, 'नोटिस जारी किया जाए। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।' भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले चाईबासा में अपने भाषण के दौरान राहुल ने कथित तौर पर शाह के लिए 'हत्यारा' शब्द का इस्तेमाल किया था।

### संजय रॉय को उम्रकैद

**कोलकाता,20 जनवरी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता की एक सीबीआई अदालत ने संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाई है। बीते दिनों कोर्ट की तरफ से सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अंदर 31 वर्षीय ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराया गया था। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराया था। कड़ी सुरक्षा के बीच रॉय को सुबह करीब साढ़े दस बजे जेल से अदालत ले जाया गया। सियालदह अदालत की किलेबंदी कर दी गई और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगभग 500 पुलिसकर्मी की तैनाती की गई।

संजय रॉय को डॉक्टर के साथ यौन उत्पीड़न करने और उसकी गला दबाकर हत्या करने का दोषी पाया गया था।

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों की तारीखों का ऐलान

**पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू**

| शहरी क्षेत्रों में | |
|---|---|
| अधिसूचना व नामांकन | 22 जनवरी से |
| नामांकन की अंतिम तिथि | 28 जनवरी |
| नामांकन पत्रों की जांच | 29 जनवरी |
| नाम वापसी | 31 जनवरी |
| मतदान | 11 फरवरी |
| मतगणना | 15 फरवरी |


रायपुर,20 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

निर्वाचन आयोग ने आज पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों व पंचायत चुनाव के लिए तारीख की घोषणा कर दी है। इसी के साथ ही आचार संहिता लागू हो गयी है। नगरीय निकायों ( शहरी क्षेत्रों) के लिए 11 फरवरी को मतदान होगा तथा 15 फरवरी को मतगणना होगी। इसी



तरह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 3 चरणों में 17,20,23 फरवरी को होगा। मतगणना के मतदान तुरंत बाद की जाएगी। स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए ये तारीखें तय की गई हैं। बोर्ड परीक्षा के पहले चुनाव संपन्न हो जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि 10 नगर पालिक निगम,49 नगर पालिका परिषद व 114 नगर पंचायतों में ईव्हीएम से चुनाव करायें जाएंगे जबकि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होगा। कुल मतदाता 44,74,269 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 22,00,525 व महिला मतदाता 22,73,232 हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 5970 है। संवेदनशील मतदान केंद्र 1531 तथा अतिसंवेदनाशील मतदान केंद्रों की संख्या 132 है। अजय सिंह ने बताया की राज्य निर्वाचन आयोग ने शांति पूर्ण चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। जिलाधीश निर्वाचन अधिकारी बनाये गये हैं। त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433. जनपद पंचायत सदस्य के 2973. ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 एवं वार्ड (पच) के 1,60,180 कुल 1,75,258 पदों पर वर्ष 2025 में निर्वाचन कराया जावेगा। जिसमें 78,20,202 पुरुष निर्वाचक 79,92,184 महिला निर्वाचक 194 अन्य निर्वाचक सहित कुल 1,58,12,580 निर्वाचक त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 में मतदान करेंगे। इसके लिए आयोग द्वारा मतदाताओं के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराया जा चुका है। पंचायत आम निर्वाचन के मतदान के लिए कुल मतदान केन्द्र 31.041 निर्धारित किये गये हैं. जिनमें से 7,128 संवेदनशील व 2,161 अतिसंवेदनशील हैं।

| त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव | |
|---|---|
| अधिसूचना व नामांकन | 27 जनवरी से |
| नामांकन की अंतिम तिथि | 3 फरवरी |
| नामांकन पत्रों की जांच | 4 फरवरी |
| नाम वापसी | 6 फरवरी |
| मतदान | 17,20,23 फरवरी |
| मतगणना | मतदान के तत्काल बाद |
| टेबुलेशन | 18,21,24 फरवरी |





## स्कूली बस से ट्रक टकराया ,2 की मौत

### तीन बच्चों की हालत गंभीर रायपुर मेकाहारा रिफर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**मोहला,20 जनवरी।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखंड केवटटोला मिडिल स्कूल मे अध्यनरत छात्र-छात्राओं और शिक्षक शनिवार शाम बस्तर टूर पर निकले थे, रविवार रात वापसी के दौरान कांकेर रोडवेज की बस कोंडागांव में बीती रात 1 बजे के लगभग भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया है। हादसे में बस ड्राइवर तथा प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षके की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शाला केवटटोला विकासखंड मोहला के छठवीं, सातवीं ,आठवीं के 48 एवं हाई स्कूल के 2 बच्चों को लेकर शनिवार रात 8 बजे को बिना किसी प्रशासनिक परमिशन के शिक्षकगण छात्र-छात्राओं के साथ दंतेवाड़ा भ्रमण में गए हुए थे जिसमें 4 पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक, 1 प्राथमिक शाला का शिक्षक ,1 रसोईया , तथा 2 पालक साथ थे। रविवार रात लगभग 1 बजे के बीच कांकेर रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 04 PU 9018 हाईवे मे ट्रक क्रमांक सीजी 17 KJ 8286 से आमने-सामने टकरा गयी इस हादसे मे प्राथमिक शाला केवटटोला के शिक्षक रामकुमार भुआर्य तथा ड्राइवर दिलीप ठाकुर निवासी चारामा कि घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना को लेकर बताया गया की 12 स्कूली छात्र-छात्राएं कि स्थिति गंभीर बनी हुई है जिनमे तीन बच्चों को ररायपुर रिफर किया गया है। बाकी बच्चे एवं शिक्षक स्टाफ कोंडागांव जिला अस्पताल में है। जिन्हें सुरक्षित लाने की व्यवस्था की जा रही है एवं पालको तथा अन्य अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। दंतेवाड़ा गए बच्चों में केवटटोला, तेलीटोला एवं डूंडेरा के विद्यार्थी हैं जिनके पालको से सहमति लेकर शिक्षक उन्हें भ्रमण में ले गए थे। परंतु विभागीय अधिकारियों से प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी ना ही उन्हें सूचना दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया बच्चों का हाल जानने रायपुर मेकाहारा के लिए रवाना हुए वही मोहल्ला विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन कोंडागांव के लिए रवाना हुए । बिना अनुमति बस्तर भ्रमण को लेकर प्रधानपाठक और शिक्षक शिक्षिकाओं पर शिक्षा विभाग क्या कार्यवाही करती है ये समय बताएगा । फिलहाल बच्चों और पालकों को सुरक्षित लाने का प्रयास किया जा रहा है, बस्तर भ्रमण में जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओ में प्रधान पाठक भीम राव बरसागढे, कोकिला मण्डावी, दिलीपगोरे, बलवंत हिरवानी और मृतक राजकुमार भुआर्य मौजूद थे । विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि बिना अनुमति के टूर ले जाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को नोटिस दिया जाएगा आगे जो भी कार्यवाही होगी कि जाएगी ।



मृतक शिक्षक राजकुमार भुआर्य

## बीएड: नौकरी बहाली की प्रक्रिया जारी : सीएम

रायपुर,20 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में बर्खास्त B.Ed डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हम भी नहीं चाहते की उनकी नौकरी जाए, लेकिन जो भी होगा वह नियम और प्रक्रिया से होगा. सीएस की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है. उनकी सिफारिश के बाद सरकार निर्णय लेगा.बता दें कि हाईकोर्ट के बाद के बाद करीब 3 हजार B.Ed सहायक शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है. इसके बाद से इन शिक्षकों का प्रदर्शन लगातार जारी है. रविवार को रायपुर के तेलीबांधा (मरीन ड्राइव) पर समायोजन की मांग को लेकर बर्खास्त B.Ed सहायक शिक्षकों ने प्रदर्शन किया. सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी बहाली की मांग की. रात में पुलिस ने प्रदर्शनकारी शिक्षकों को घसीटकर सड़क से हटाया. इस दौरान कुछ महिला शिक्षक बेहोश हो गईं. महिला शिक्षकों ने पुलिस पर कपड़े फाड़ने और बैड टच करने का आरोप लगाया है. प्रदर्शनकारियों ने कहा, जब तक उनकी नौकरी बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. वहीं पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया. शनिवार की सुबह बर्खास्त शिक्षकों ने मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव किया था. समायोजन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे शिक्षक सुबह 5 बजे अचानक मंत्री के बंगले पहुंचे और यहां गेट के बाहर बैठकर नारेबाजी की. काफी देर तक समझाइश के बाद जब प्रदर्शनकारी नहीं उठे तो पुलिस ने जबरदस्ती उन्हें हटाया और गिरफ्तार किया.



## महाराष्ट्र में बर्ड फ्लू से दर्जनों कौओं की मौत

**नागपुर,20 जनवरी।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद से प्रशासन एक्टिव हो गया है. बर्ड फ्लू से 51 कौवों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है. अधिकारियों ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय करना शुरू कर दिया है. भोपाल पशु चिकित्सा प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उदगीर शहर में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) से 51 कौओं की मौत हुई है. जिले के अधिकारियों ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. 13 जनवरी से अधिकारियों को शहर के बगीचों और अन्य स्थानों में मृत पक्षियों के बारे में शिकायतें मिल रही थीं. अधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया और 14 जनवरी को छह शवों को प्रयोगशाला भेजा गया ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके. जिला प्रशासन ने निवारक उपाय भी शुरू कर दिए हैं. संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों को साफ-सफाई करने के आदेश दिए हैं. इसके अलावा, पोल्ट्री फार्मों की जांच की जाएगी और नमूने इकट्ठे किए जाएंगे, जो जांच के लिए भेजे जाएंगे.



## हाईकोर्ट की अनुशंसा पर महासमुंद की जज आकांक्षा भारद्वाज सेवा से बर्खास्त

**महासमुंद,20 जनवरी।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की अनुशंसा पर महासमुंद में पदस्थ एक महिला जज को बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई कनिष्ठ न्यायिक सेवा अधिकारी आकांक्षा भारद्वाज पर विधि एवं विधायी विभाग की ओर से की गई है। बता दें कि, पिछले महीने ही भारद्वाज ने सिंगल बेंच में अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ दायर मुकदमा जीता था। इसके बाद फिर से जज की कुर्सी हासिल की थी। आकांक्षा भारद्वाज को सात साल पहले बर्खास्त कर दिया गया था।जानकारी के अनुसार आकांक्षा भारद्वाज का 2012-13 में सिविल जज (प्रवेश स्तर) के पद के लिए चयन हुआ था। इसके बाद उन्हें 12 दिसंबर 2013 को दो साल की परिवीक्षा पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने 27 दिसंबर 2013 को ज्वॉइन किया था। प्रशिक्षण के बाद अगस्त 2014 में उन्हें अंबिकापुर में प्रथम सिविल जज वर्ग-2 के पद का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया।इस पदस्थापना के दौरान उनका आरोप था कि जब वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों से न्यायिक मामलों में मार्गदर्शन लेने जाती थीं, तो उनका व्यवहार अनुचित होता था। इसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। लंबी कानूनी प्रक्रिया चलने के बाद अब फिर 14 जनवरी को अतिरिक्त सचिव दीपक कुमार देशलहरे ने उनकी सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।

## ट्रेन से 'जन्नत' का सफर


### कटरा-बडगाम ट्रैक पर हुआ सफल ट्रायल, नदियों-पहाड़ों से गुजरेगी रेललाइन

**श्रीनगर,20 जनवरी।** भारतीय रेलवे ने अपने यात्रियों को एक और बड़ी खुशखबरी दी है. अधिकारियों ने बताया कि कटरा और श्रीनगर रेलवे स्टेशन के बीच 22 बोगियों वाली रेलगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया . यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन पर पहला सफल ट्रायल था. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह रेलगाड़ी 18 एसी कोच, 2 सामान ढोने वाली बोगियों और 2 इंजनों से बना है. सुबह करीब 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई और 4 घंटे में सफलतापूर्वक अपने गंतव्य पर पहुंच गई, जो श्रीनगर और कटरा के बीच पहला ट्रायल रन था.

1997 में कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम शुरू हुआ था, लेकिन भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी समस्याओं के कारण इसे अलग-अलग समय पर निर्धारित समय पर पूरा नहीं किया जा सका. इस महीने, 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ है. कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्क्रू) का ट्रायल रन पूरा हुआ है. 41,000 करोड़ रुपये की लागत से स्क्रू बनाया गया है. 111 किलोमीटर (326 किलोमीटर) ट्रैक में सुरंग हैं. जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी इसी रूट पर बना है. आईकॉनिक चिनाब पुल 1,315 मीटर लंबा है, 467 मीटर चौड़ा है और नदी तल से 359 मीटर ऊँचा है. जम्मू संभाग के रियासी जिले में बक्कल और कौरी के बीच स्थित चेनाब नदी पर 359 मीटर (1,178 फीट) की ऊंचाई पर स्थित एक-ट्रैक रेलवे लाइन पर बना चेनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल और दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च है. यह पुल संगलदान और रियासी रेलवे स्टेशनों के बीच बनाया गया है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल में कोई समस्या नहीं हुई. उन्होंने कहा, '26 जनवरी तक ट्रेन को औपचारिक रूप से शुरू करने की तैयारी है.' जम्मू-कश्मीर के लिए यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जिससे न केवल पर्यटन बल्कि क्षेत्र में व्यापार भी बढ़ेगा.

## चीन ने की भारत की खुलकर तारीफ

**बीजिंग,20 जनवरी।** भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक बार फिर से अपनी चाह को राह में बदल दिया है। इस बार ऐसा कर दिखाया कि दुनिया स्तब्ध है और चीन जैसे देश भी भारत की तारीफ करने पर मजबूर हो गए हैं। चीन जो खुद अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक महाशक्ति है, उसने भी इसरो को उसकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने कहा कि स्पेडेक्स मिशन के तरत उपग्रहों की सफल डॉकिंग के लिए भारत और इसरो को बधाई। इसरो की ये सफलता तब सामने आई जब दुनिया के कई देश अंतरिक्ष की दौड़ में भारत के पीछे हैं। इस मिशन ने ये साबित कर दिया कि भारत न केवल एक उभरती हुई शक्ति बल्कि अंतरिक्ष में नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है। यानी भारत अब कहीं न कहीं लीडर की भूमिका में सामने आ रहा। ये सफलता ट्रंप के शपथग्रहण से पहले एक बड़ा झटका सरीखा होगा। ये दिखाता है कि भारत अपनी नीतियों और योजनाओं को कितनी तेजी से लागू कर रहा है। वैसे ये पहली बार नहीं है जब इसरो ने दुनिया को चौंकाया हो। सितंबर 2024 में भारत के मंगलयान मिशन यानी मार्स ऑर्बिटर मिशन ने मंगल की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। इस उपलब्धि ने भारत को मंगल तक पहुंचने वाला पहला एशियाई देश बनाया था। इतना ही नहीं भारत ने ये उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में हासिल की थी। जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। चीन ने उस वक्त भी मंगलयान मिशन की सफलता पर भारत की तारीफ करते हुए कहा था कि ये केवल भारत या एशिया नहीं बल्कि पूरे मानवजाति के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। चीन ने 2020 में अपना पहला मंगल मिशन लॉन्च किया जो 2021 में मंगल की कक्षा में सफलता पूर्वक प्रवेश कर गया। लेकिन इसके एक दशक पहले चीन को असलता का सामना करना पड़ा था जब रूसी अंतरिक्षयान के साथ उसका ऑर्बिटर नाकाम हो गया था। इसरो की सफलता न केवल चीन को प्रेरणा दे रही बल्कि उसे ये भी सोचने पर मजबूर कर रही कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी में भी भारत उसका सबसे बड़ा प्रतिद्वंवंदी बनकर सामने आ गया है। वो चीन जो अक्सर भारत के खिलाफ आक्रमक रवैया अपनाता रहता है। इस बार इसरो की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाया। ये भारत के बढ़ते कद और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसके महत्व को दिखा रहा। भारत अब केवल एक विकासशील देश नहीं बल्कि महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। वहीं दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को फोन किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह फोन कॉल चीन और अमेरिका दोनों के लिए बेहद अच्छी रही. मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर कई समस्याओं का समाधान करेंगे।





**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस विशेष अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति को राज्य के विकास और संस्कृति से अवगत कराया व छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

# सीएम ने की रायपुर निगम के लिए 200 करोड़ रुपये की घोषणा

रायपुर,20 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

चुनाव आचार संहिता की घोषणा से ठीक पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दो बड़ी घोषणाएं की है. उन्होंने स्वच्छता दीदियों को हर माह 8000 रुपये का मानदेय राशि दिए जाने का ऐलान किया है. इसके साथ ही उन्होंने रायपुर निगम के लिए 2 सौ करोड़ रुपए की बड़ी सौगात दी है. बता दें, स्वच्छता दीदियों को अब तक हर महीने 7200 रुपए का मानदेय दिया जाता था. मुख्यमंत्री साय ने इस राशि में 800 रुपए बढ़ाते हुए उन्हें 8000 प्रति माह दिए जाने की घोषणा की है.

### स्वच्छता दीदियों की मानदेय राशि में वृद्धि



### भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का किया शुभारंभ

छत्तीसगढ़ में भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है. हमारे छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर करती है लेकिन ऐसे लोग भी हैं जिनके पास कृषि भूमि भी नहीं है और वे कृषि मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं. उन्हें ध्यान में रखते हुए हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था. हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपए सालाना आर्थिक सहायता देंगे. आज हमने इस वादे को पूरा किया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज न्यू सर्किट हाउस स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है. इस योजना के तहत पाँच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है. इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं. इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है. मुख्यमंत्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के माध्यम से प्रदेश के भूमिहीन मजदूर परिवारों के आर्थिक समृद्धि का जो संकल्प हमने लिया था, वह आज साकार हो रहा है.

## एक नजर

### भाजपा से वार्ड नं-11 से पार्षद चुनाव के लिए सोनू कसेर की तैयारी जोरों पर



**छुरिया 20 जनवरी।** नगर पंचायत छुरिया नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर है सभी अपने अपने दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत छुरिया वार्ड नं 11 के भारतीय जनता पार्टी से सोनू कसेर ने मंडल अध्यक्ष के समक्ष अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। सोनू कसेर पूर्व में कांग्रेस सरकार के खिलाफ कई धरना प्रदर्शन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वहीं दुसरी ओर विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सोनू कसेर अपनी दावेदारी के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के समक्ष नगर पंचायत छुरिया वार्ड नं 11 से चुनाव लडने की ईच्छा व्यक्त कर पार्टी से उम्मीदवार बनाने की मांग कर चुके हैं। वार्ड 11 भाजपा से दो लोगों ने दावेदारी पेश की है। ऐसे में भाजपा युवा चेहरे को मौका दे सकती है।

### पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तहत पारीखुर्द के बच्चों ने बनाए पापड़, बड़ी और बिजोरी



**राजनांदगांव 20 जनवरी।** शासन की महत्वपूर्ण योजना पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तहत विकासखंड राजनांदगांव से चयनित शिक्षक शिवकुमार सेवता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द संकुल - भरेंगाव के मार्गदर्शन में शाला के बच्चों ने पाक कला के अंतर्गत रखिया, लौकी व मूली की बड़ी बनाना सीखाः साथ ही पापड़ मुरकु व बिजौरी भी बनाया। बच्चों ने आनंद व उत्साह पूर्वक सभी प्रक्रियाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। शाला की पूर्व छात्रा सुश्री रमा साहू के निर्देशन में बच्चों ने कौड़ी से छत्तीसगढ़ी आभूषण बनाना सीखा। इन सब गतिविधियों में शिक्षिकाओं श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्प लता देवांगन व अन्य स्टाफ का भी सहयोग रहा । शाला के प्रधान पाठक श्री हरीश कुमार देवांगन जी ने पूरे स्टाफ व बच्चों को इस विशेष प्रयास हेतु शुभकामनाएं दीं।

### महिला को जान से मारने की धमकी देने वाले को भेजा गया जेल



**राजनांदगांव 20 जनवरी।** 17 जनवरी को प्रार्थिया चौकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि प्रार्थिया बिहान समूह मे काम करती है और समूह के काम से उनका राजनांदगाव आना जाना होता है, प्रार्थिया का उनकी सहेली के जरिये आरोपी से जान पहचान हुआ था उसी समय एक दूसरे से नबर आदान प्रदान कर बातचीत मोबाइल से होता था दिनांक 30.04.2021 को प्रार्थिया समूह के काम से राजनांदगाव आयी थी उसी दौरान आरोपी द्वारा पीड़िता को जबरदस्ती अपने कार मे बैठाकर अपने फैक्ट्री मे ले जाकर जबरदस्ती शरीरिक सम्बन्ध बनाया और पीड़िता के द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया और दिनांक 26.05.24 तक पीड़िता को धमकी देकर उनका शरीरिक शोषण करता रहा कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 19/25 धारा 376(2)(ठ),506(ड्ड) भादवि0, कायम कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट दिनांक से आरोपी सकुनत से फरार था,घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा तथा श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी निरीक्षक मनीष धुर्वे के नेतृत्व में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चौकी एवं साइबर सेल की तकनीकी टीम गठित कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था आरोपी राणा प्रवीण गजभिये पिता ओमप्रकाश गजभिये उम्र 42 वर्ष निवासी शान्तिनगर गली नंबर 05 वार्ड नंबर 11 चिखली पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनादगाव को दिनांक 19.01.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जो न्यायालय के आदेश से जिला जेल राजनांदगॉव भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी सुकुलदैहान निरीक्षक मनीष धुर्वे ,सउनि चंपेश ठाकुर,प्र.आर. 232 भूपेंद्र देशमुख आर. 1391 दिलीप साहू एवं साइबर सेल की तकनीकी टीम के स्टॉफ आर. आदित्य ठाकुर एवं अमित सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### आपरेशन मुस्कान के तहत गुम नाबालिग बालिका को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**राजनांदगांव 20 जनवरी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमान दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना गैंदाटोला के अपराध क्रमांक-44/2024 धारा-363 भा.द.वी. की गुम नाबालिग बालिका जो अपने घर में बिना बताये कहीं चली गई थी जिसकी कायमी दिनांक से पुलिस द्वारा लगातार पता-तलाश करते हुए दिनांक 18.01.2025 को हैदराबाद आंध्र प्रदेश से बरामद किया गया है। गुम बालिका के कथन अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। बालिका के मिलने पर बालिका के परिजनो द्वारा खुशी जाहिर करते हुये राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव, उप निरीक्षक पुष्पराज साहू आरक्षक क्रमांक-1213 मोहित कुमार, महिला आरक्षक क्रमांक-474 खेमिन ध्रुव, साइबर सेल राजनांदगांव से आदित्य राजपूत, हेमंत एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

# स्वास्थ्य से समृद्धि के मंत्र से ही आगे बढ़ रही है छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा:मुख्यमंत्री



**रायपुर,20 जनवरी।** हमारा राज्य अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। हम विकसित छत्तीसगढ़ की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा स्वास्थ्य से समृद्धि के मंत्र से ही आगे बढ़ रही है। आज छत्तीसगढ़ मेडिकल टूरिज्म का बड़ा केंद्र बन रहा है। एक समय था जब कई गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए लोग दिल्ली-मुंबई जाते थे। आज गंभीर से गंभीर बीमारियों का उपचार रायपुर शहर के सेवाभावी डॉक्टर कर रहे हैं। हार्ट और किडनी ट्रांसप्लांट से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का अत्याधुनिक तकनीक से उपचार रायपुर के अस्पतालों में हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बेहतर संसाधन, आवश्यक अधोसंरचना विकसित उपलब्ध कराने के साथ - साथ डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ की भर्ती की जा रही है । हमारी सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना लागू की है।आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के नागरिकों को पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज तथा एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा जटिल रोगों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 10 शासकीय और 4 निजी मेडिकल कालेजों सहित कुल 14 मेडिकल कॉलेज हैं। राज्य में चार नये मेडिकल कॉलेजों के भवनों का निर्माण किया जा रहा है। जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और गीदम में मेडिकल कॉलेज बनने से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

## बिना हेलमेट वालों पर कार्रवाई कर निःशुल्क हेलमेट वितरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 जनवरी।** 19 जनवरी को में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला राजनांदगांव पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के तहत आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने लगातार समझाईश दी जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम के साथ प्रवर्तन कार्यवाही के माध्यम से बिना हेलमेट 383 दुपहिया वाहन चालकों एवं अन्य मोटरयान अधिनियम के तहत 11 वाहन चालकों सहित कुल 394 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर 194800/- जुर्माना वसूला गया। साथ ही सभी दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया है। साथ ही सभी दुपहिया वाहन चालकों एवं सवार को दुपहिया वाहन में हेलमेट लगाने अपील की गयी। राजनांदगांव पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, निर्यंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।



# नगर में दो दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 20 जनवरी।** मां दन्तेश्वरी मानस प्रचार समिति छुरिया के नए बस स्टैण्ड में आयोजित दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन के शुभारम्भ के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष सतवंत सिंह भाटिया, विशेष अतिथि तुलाराम साहू, दीपचंद जैन, रितेश जैन, तरूण सिन्हा, राहुल तिवारी, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, श्रीमती सरला गुप्ता, मंचस्थ थे । सर्वप्रथम भगवान श्रीराम के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मां दन्तेश्वरी मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष सुभाष यादव, ने उपस्थित मानस प्रेमियों को कहा कि प्रतिवर्षानुसार रामचरित मानस सम्मेलन का यह 20 वां वर्ष है । नगरवासियों के सहयोग से रामकथा सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न होते आ रहा है । उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांतो से ख्याति प्राप्त मंडलिया इस मानस सम्मेलन में शामिल होंगी। कार्यक्रम के शुभारम्भ में मंचस्थ अतिथियों का समिति ने श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि रामायण से संत कथा, हरि मिलन, दया, धर्म, उपकार को हमें ग्रहण करना चाहिए । रामायण हम सबके लिए अनुकरणीय है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर के समाजसेवी सतवंत सिंह भाटिया ने कहा कि लगातार 20 वर्षों से निरंतर आयोजन समिति द्वारा मानस सम्मेलन कराया जाता है जिसका पूरे नगरवासियों के अलावा क्षेत्रवासियों को भी इसका इंतजार रहता है । यह कार्यक्रम क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन है जिसके लिए समिति बधाई के पात्र है । रात्रि में लोकरंजनी दैहान वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष जोधीराम साहू, अमीर खान, शेखर भरद्वाज,डॉ. राधेश्याम ठाकुर, मानसिंग ठाकुर, मोहन कश्यप, पदुम गंधर्व, टामेश कुम्भकार, शिव चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे । मां दन्तेश्वरी मानस प्रचार समिति के तत्वाधान में 18 एवं 19 जनवरी तक दो दिवसीय मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

### लखोली के वार्डों में पार्षद पद के दावेदारों की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव 20 जनवरी।** नगर निगम अंतर्गत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली शक्ति केन्द्र क्रमांक 6 में आसन्न निकाय चुनाव हेतु पार्षद प्रत्याशियों के रायशुमारी हेतु लखोली के वार्ड क्रमांक 31, 32 और 33 में अलग अलग बैठकें संपन्न हुई । प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया गया । तीनो वार्डों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव लड़ने के लिए उत्सुकता दिखाते हुए पार्टी का कमल निशान प्राप्त करने अपनी दावेदारी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन यादव के समक्ष प्रस्तुत किए । जनता कालोनी वार्ड 31 की बैठक मां अम्बे धाम प्रांगण में संजय वार्ड 32 की बैठक शिव मंदिर प्रांगण राहुल नगर में वही बैगापारा वार्ड 33 की बैठक शिव धाम प्रांगण में संपन्न हुई । इस दौरान जिला भाजपा के सभी मोर्चों प्रकोष्ठ , दक्षिण मंडल, लखोली शक्ति केन्द्र के समस्त पदाधिकारी गण और लखोली के समस्त कार्यकर्ताओं सहित वार्डवासियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही ।



## समाचार संक्षेप

### 89 मर्ग प्रकरण के बिसरा को नष्ट किया गया



**छुरिया 20 जनवरी।** थाना छुरिया में वर्ष 2014 से 2024 तक पंजीबद्ध विभिन्न मर्ग प्रकरण जिन्हें श्री मान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव से नस्तीबद्ध कराया जा चुका हैं एवं जप्तशुदा बिसरा/संपति नष्टीकरण की अनुमति प्राप्त हो चुकी है ऐसे 89 मर्ग प्रकरणों के जप्तशुदा बिसरा/संपति को आज दिनांक 19/1/25 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया श्री विजय कोठारी की उपस्थिति में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य एवं अन्य थाना स्टाफ के द्वारा पुराना मंडी परिसर छुरिया में नष्टीकरण किया गया।

### बहादुरिन कलारिन की जयंती धूमधाम से मनाई



**डोंगरगढ़ 20 जनवरी।** ग्राम बिलहरी में 20 जनवरी सोमवार को कलार समाज द्वारा अपनी ईस्ट आराध्य देवी माता बहादुरिन कलारिन का जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्राम के शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि यहां जयंती प्रत्येक वर्ष बाजार चौक स्थित माता बहादुरिन कलारिन मंदिर प्रांगण में मनाया जाता है जिसमे समाज के सभी लोग सम्मिलित होते हैं व माता का पूजा पाठ करके प्रांगण में हवन भी किया जाता है आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा इस अवसर पर भजन, कीर्तन के साथ जनकपुर वालों का रामायण मंडली का भी आयोजन रखा गया है।

### एसडीओपी कार्यालय का नवीन भवन में स्थानांतरण



**डोंगरगढ़ 20 जनवरी।** डोंगरगढ़ स्थित एसडीओपी कार्यालय नवीन भवन में स्थानांतरित हो गया है। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, मोहारा, चिचोला, चौकी प्रभारी सहित पत्रकार गण व पुलिस स्टॉफ की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर एसडीओपी आशीष कुंजाम ने नए भवन में प्रवेश किया। आपको बता दें कि वर्ष 2023 में पुलिस हाऊसिंग बोर्ड की ओर से 42 लाख रुपये की स्वीकृति से इस नए भवन का निर्माण किया गया है जिसे स्थानीय ठेकेदार सावन अग्रवाल के द्वारा सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। जिसमें नीचे एसडीओपी के रूम के साथ साथ रीडर रूम, कम्प्यूटर आपरेटर रूम, पुरूष शौचालय के अलावा कार्यालय में अपनी फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं के लिए भी शौचालय भी बनाया गया है। यही नहीं दूसरे फ्लोर में रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त निवास भी बनाया गया है।

### सांसद ने 3 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया

**डोंगरगढ़ 20 जनवरी।** नगरपालिका द्वारा अग्रसेन चौक के पास अधोसंरचना मद से स्वीकृत लगभग 3 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया गया था जिसमें मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय जी ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं पूर्व विधायक रामजी भारती जी एवं विशिष्ट अथिति क्रमशः पूर्व विधायक विनोद खांडेकर जी,जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना जी, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना,पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका उमा महेश वर्मा,नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा उपस्थित हुए। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनांदगांव जिले के दूसरा सबसे बड़ा शहर डोंगरगढ़ है जो मां बम्लेश्वरी ,प्रज्ञा गिरी,चंद्र गिरी के नाम से प्रसिद्ध है जिसमें लाखों की संख्या में साल भर श्रद्धालुगण इन तीर्थ स्थलों के दर्शनार्थ यहां आते है जो देश विदेश में ख्याति प्राप्त है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के एक वर्ष बाद मोदी की गारंटी के नाम से किए गए लगभग हर वादे इस सरकार ने पूरे कर दिए है,डोंगरगढ़ विकास के लिए परिक्रमा पथ ,बाईपास निर्माण,फुट अंडरब्रिज निर्माण हेतु सैकड़ों करोड़ रुपए की राशि इस सरकार ने स्वीकृत की है डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन के सुविधाओं में विस्तार कर भविष्य के जंक्शन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान अंतर्गत आसरा के छात्रों को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगगांव 20 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग में संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत-प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव की टीम ने पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान के तहत विगत दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसरा में उच्च शिक्षा के प्रति जागरुकता पर जानकारी दी। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य मेजर डॉक्टर के एल दामले के निर्देशन एवं भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पी. बी. टांक,डॉ. सुरेश कुमार पटेल, श्री लेखा प्रसाद उर्वशा एवं डॉ. आर. के .देशमुख सर के विशेष मार्गदर्शन तथा एम.एस-सी. के वरिष्ठ छात्रों के सहयोग से विविध कार्यक्रम संपादित किया गया। उक्त कार्यक्रम भौतिक शास्त्र के डा.सुरेश कुमार पटेल के विशेष मार्गदर्शन में भौतिक शास्त्र जैसे कठिन विषय को सरल से सरलतम बनाते हुए उसे कमजोर छात्रों के लिए सहज बनाते हुए रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन देखने लायक था। श्री उर्वशा प्रो. भौतिक शास्त्र के द्वारा पोषण विद्यालय संपर्क अभियान के तहत नई शिक्षा नीति 2020 को छात्र-छात्राओं हेतु लाभप्रद विषय पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ दिग्विजय महाविद्यालय के वरिष्ठ स्नातकोत्तर के छात्रों के द्वारा विशेष जीवनोपयोगी विज्ञान मॉडल प्रस्तुतीकरण छात्र-छात्राओं के नई ऊर्जा एवं प्रेरणा संचार किया गया और इससे छात्र-छात्राओं और विज्ञान मॉडल बनाने हेतु प्रोत्साहित हुए । गत वर्ष 2024 में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजन किया गया था जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम 2024 पर दिखाई पड़ा। संस्था के प्राचार्य श्री रोहित कुमार तारम ने बताया कि इसी प्रकार छात्र हित में किए नये - नये क्रियाकलाप कराए जाने से विद्यालय में शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का आकर्षक बढ़ता है, जो निरन्तर किया जाएगा । इस बीच संस्था के व्याख्याता श्री सी. पी. देवांगन ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्था में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## कोसरिया मरार समाज ने मां शाकंभरी महोत्सव मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 जनवरी।** ग्राम धामनसरा में कोसारिया मरार समाज द्वारा 19 जनवरी आयोजित मां शाकंभरी महोत्सव मनाया गया सर्व प्रथम ग्राम गली में साग सब्जी से सजे कलश यात्रा माता सेवा तथा दपडा पार्टी के निकाला गया मगर सामाजिक भवन के पास कार्यक्रम मुख्य अतिथि अशोक कुमार देवांगन सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्षता मनोज कुमार साहु विशेष अतिथि रोशनी योगेन्द्र वैष्णव जनपद सदस्य लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच कृतलाल पटेल उपसरपंच लालाराम निषाद संतराम पटेल बिसे पटेल ने मां शाकंभरी पुजा अर्चना कर मनाया गया तथा किचन शेड लोकार्पण किया मगर समाजिक उत्कृष्ट छात्र छात्राओं में प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया तथा रात्रि में जय मां दुर्गे रामधुनी मंडली खोरदो धमतरी वाले आयोजित किया गया अतिथियों ने मां शाकंभरी को मानव उत्थान के लिए धरती पर अवतरित होना पड़ा मानव के साथ साथ जीव जंतु भुखा धरती पर मरना पड रहा रहा था इसलिए धरती पर मां शाकंभरी माता अवतरित हो कर मानव कल्याण के साग सब्जी शाकाहार पैदा किया शाकाहार समाज होना हिन्दू धर्म में अति आवश्यक है समाज अध्यक्ष चंद्रकांत पटेल जिवराखन पटेल सिलीप पटेल सुखेन पटेल शिवप्रसाद पटेल कुंवर सिंह निषाद डीभू पटेल मुरारी पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।



■ कृषि के क्षेत्र में उपयोग किए जा रहे पानी का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करना आवश्यक

# कम पानी से अधिक लाभ देने वाली फसलों के प्रति किसानों को करें जागरूक:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 20 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं मत्स्यपालन विभाग की भौतिक, वित्तीय प्रगति एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में घटते हुए जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को कम पानी उपयोग वाली अधिक लाभकारी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उपयोग किए जा रहे पानी का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करना आवश्यक है। जिले में मक्का, दलहन, तिलहन एवं सब्जी, फल जैसी फसलों की खेती का रकबा बढ़ाने कहा। जिससे किसानों को खेती-किसानी में अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसान जो कम पानी उपयोग वाली फसलों के उत्पादन से अधिक आमदानी अर्जित कर रहें हैं उन्हें अन्य किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम एवं संगोष्ठियां आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीज की उपलब्ध के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सही समय में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध हो जाना चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। किसानों को सही समय पर पर्याप्त मात्रा में कम पानी उपयोग वाली बीज उपलब्ध होने से किसानों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि बीज उत्पादन कार्यक्रम प्रचलित फसलों की खेती तुलना में आर्थिक रूप से अधिक लाभकारी है। बीज उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने के लिए धान के अलावा दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती का विस्तार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण में वृहद स्तर पर नीम के पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने नीम के पौधे तैयार करने के लिए नर्सरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादों में उपयोग किए जा रहे हानिकारक रासायनों के कारण स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ी है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पधुधन विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करें और लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैकयार्ड कुक्कुट ई-वितरण, बकरा वितरण, सांड वितरण, उन्नत मादा वत्स पालन, राज्य डेयरी उद्यमिता विकास के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान एवं टीकाकरण योजना में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्योत्पादन, मत्स्य पालन प्रसार योजना, शिक्षण प्रशिक्षण योजना, मछुआ सहकारी समितियों को अनुदान, जलाशयों में मत्स्योद्योग विकास योजना एवं मछुआरों का दुर्घटना बीमा के संबंध में जानकारी ली।

## संपादकीय

# संपत्ति कार्ड से जमीन विवाद कम होंगे



अब तक लोगों के पास संपत्ति तो होती थी लेकिन उसका कोई सहज,सरल,आसानी से मिलने वाला कागज नहीं होता था।पीएम मोदी ने लाखों लोगों को संपत्ति कार्ड बांट कर गांवों के लोगों की बड़ी समस्या हल कर दी है। अब उनके पास उनकी संपत्ति का अपना कार्ड होगा। वह उससे आसानी से लोन ले सकेंगे और जमीन विवाद भी सभी के अपना संपत्ति कार्ड होने पर कम होंगे। कौन नहीं जानता है कि जमीन की नापजोख में गड़बड़ी के कारण किसी की जमीन किसी के नाम हो जाती है, उसे फिर से अपने नाम करवाना बड़ा मुश्किल काम होता है।इससे गांवों में जमीन विवाद बहुत होते हैं। कभी कभी जमीन विवाद में हिंसा भी होती, लोगों की जान भी जाती है। जमीन के बारे में कोई कागजात चाहिए तो वह लोगों को आसानी से नहीं मिलता था,पटवारी से लेकर राजस्व विभाग में कई चक्कर लगाने पड़ते थे,हर जगह भ्रष्टाचार होने के कारण पैसे देने पड़ते थे।कागजात में हेर फेर कर गरीबों व अनपढ़ लोगों की जमीन कई लोग अपने नाम करा लेते थे, उसको बेच देते थे। पीएम मोदी ने गांवों की इस समस्या को समझा, इसके कारण गांवों के लोगों को होने वाली परेशानी को समझा और गांवों के लोगों के संपत्ति कार्ड देने की योजना बनाई।पीएम मोदी ने कोविड महामारी के दौरान संपत्ति कार्ड योजना की घोषणा की।इसके बाद कई राज्यों में प्रयोग के तौर पर इसकी शुरूआत की गई। प्रायोगिक सफलता के बाद इसे बड़े पैमाने पर लागू करने का फैसला किया गया। ग्रामीण आबादी को उनकी जमीन के मालिकाना हक का प्रमाणपत्र देने वाली स्वामित्व योजना के तहत पीएम मोदी ने १८ जनवरी को ६५ लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए हैं। गरीबों के पास उनकी संपत्ति का प्रमाणपत्र होना जरूरी था। इस दिशा में पहल करने की जरूरत संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी बताई थी।यह देश के गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों की जरूरत थी। अब पीएम मोदी ग्रामीणों की इस जरूरत को संपत्ति कार्ड बांटकर पूरा कर रहे हैं।संपत्ति कार्ड का वितरण १८ जनवरी में पचास हजार गांवों के लोगों को किया गया है।आंकड़ो के मुताबिक इस योजना के तहत तीन लाख गांवों में सर्वे किया जा चुका है।जो लक्ष्य का ९२ प्रतिशत है।साथ ही १.५३ लाख गांवों के लगभग २.२५ करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं।इस योजना का उद्देश्य लोगों को संपत्ति कार्ड तो देना ही है। इसका उद्देश्य यह भी है कि ग्रामीण इस प्रमाणपत्र के सहारे आसानी से लोन ले सकें, अपनी जमीन आसानी से बेच सकें। संपत्ति कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन का आकलन करने और सरकारी योजनाओं को आगे बढाने में भी सहायक साबित हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है।इस योजना मे कहीं कोई चूक न हो, कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।इसकी कई स्तरों पर जांच होती है, सत्यापन किया जाता है कि जमीन की पहचान सही हुई है ताकि जमीन का स्वामित्व स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा सके। जब जमीन का स्वामित्व स्पष्ट हो जाता है, तय हो जाता है कि यह जमीन किसकी है तो विवाद की गुंजाइश कम हो जाती है।जमीन का बाजार मूल्य भी बढ़ जाता है।अवैध कब्जे की समस्या भी समाप्त हो जाती है। मोदी चाहते हैं कि स्वामित्व योजना से संपत्ति का हक तो स्पष्ट हो तथा लोग इसके आधार पर लोन लेकर अपना आर्थिक विकास भी कर सकें।यह संपत्ति कार्ड गांव के लोगों के लिए एक तरह से वित्तीय सुरक्षा की गारंटी है।पीएम मोदी का मानना है कि देश के सभी गांवों में संपत्ति कार्ड बंट जाने पर यह योजना १००लाख करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक गतिविधियों के द्वार खोलेगी, इसे ग्रामीणों के साथ ही गांवों का विकास भी तेज होगा। पीएम मोदी के मुताबिक देश में २३ करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं।जिससे भूखंड़ों की पहचान आसान हो गई है। पिछले सात आठ वर्षों में लगभग ९८ प्रतिशत भूमि रिकार्ड डिजिटल हो गए हैं।इससे ग्रामीणों के बहुत सुविधा हो रही है। पीएम मोदी के साथ बात करते हुए संपत्ति कार्ड योजना के लाभार्थियों ने बताया कि उनके पास पहले संपत्ति का कोई दस्तावेज नहीं था अब उनके पास अपनी संपत्ति का प्रमाणपत्र संपत्ति कार्ड है।उम्मीद की जा रही है कि ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कार्ड मिल जाने के बाद अब गांवों में जमीन विवाद कम होंगे। ग्रामीण को जमीन के आधार पर आसानी से बैंकों से लोन मिलेगा और वह अपना आर्थिक विकास कर सकेंगे। इससे गांवों का विकास होगा और देश विकसित देश बन सकेगा।

सभ्यता संस्कृति

किशन सनमुखदास भावनानीं

# मुझको भैयाजी माफ करना गलती मारे से हो गई



वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मयार्दा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनियाँ में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक क्षमां मांगना है बड़े बुजुर्गों का कहना है जो क्षमा करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहवैचारिक शक्ति है भारतीय सभ्यता की!

साथियों बात अगर हम हमारे आज के विषय वस्तु क्षमा मांगने की करें तो, क्षमा करने के सुनहरे नियम के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है।

साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है, वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है।साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं।फिर हुए नुकसान याअसुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरों का आभूषण है। बाणभट्ट के हर्षचरित में उल्लेख किया गया है कि क्षमा सभी तपस्याओं का मूल है। महाभारत में कहा गया है कि क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण और समर्थ मनुष्यों का आभूषण है।श्री गुरु ग्रंथ साहिब का वचन है-क्षमाशील को रोग नहीं सताता और न ही यमराज डराता है। साथियों बात अगर हम क्षमा में भावनात्मक मिश्रण से हानि की करें तो खासकर पारिवारिक झगड़ों में हम देखते हैं कि, पति का पत्नी से झगड़ा हो गया है। उनके बीच कोई समस्या हो सकती है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि पत्नी का मूड खराब है तो वह बेटे पर गुस्सा उतारेगी। बेटे पर मां मामूली-सी बात पर चिल्लाई तो वह अपने साथियों से लड़ पड़ा और हम जितनी कल्पना कर सकें उतना इस कहानी को विस्तार दे सकते हैं। भावनाएं यदि समस्या के स्त्रोत की दिशा में हो तो भी यह उसे सुलझाने की बजाय बड़ा बना देती हैं। यहीं पर बड़ी समस्या है, क्योंकि कोई माफी मांगे इसकी बजाय भावनात्मक विस्फोट के कारण आखिर में हमें ही माफी मांगनी पड़ सकती है।

हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो, यह समझाते हुए कि जो हुआ अब आगे हमेशा एक अच्छा विचार होगा, भविष्य में गड़बड़ी से मुक्त रखने के लिए हम जो कुछ भी बदलने की योजना बना रहे हैं उसे रेखांकित करके उस सफलता पर निर्माण करना सबसे अच्छा है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने की व्यवहारिकता की करें तो, यदि हम गलत हैं, आंशिक रूप से भी, किसी की मांग करने से पहले क्षमा मांगना बेहतर है। क्षमायाचना उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें हल करना सामान्य शब्दों के लिए बहुत कठिन है। क्षमा की वांछनीयता इसमें शामिल लोगों की संस्कृति पर निर्भर करती है। शर्म की संस्कृति में , एक उच्च स्थिति वाले व्यक्ति से जबरन माफी मांगना एक बहुत ही मूल्यवान चीज के रूप में देखा जाता है, क्योंकि माफी मांगने वाले व्यक्ति के सामाजिक अपमान को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जाता है।शिष्टाचार दूसरों से अपेक्षा करने का मानक नहीं है, यह एक ऐसा मानक है जिसका आप स्वयं पालन करते हैं। यह कहना कभी आसान नहीं होता, मुझे क्षमा करें। लेकिन कभी-कभी, गलती के लिए माफी मांगना ही आपकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने का एकमात्र तरीका है। साथियों बात अगर हम कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफी माँगने के तीन अच्छे कारणों की करें तो किसी को भी गलत तरीके से आरोपित किया जाना पसंद नहीं होता और ज्यादातर लोग निश्चित रूप से किसी ऐसी चीज के लिए माफी नहीं माँगना चाहते जो उन्होंने की ही न हो। जब हमने कुछ भी गलत नहीं किया हो या इससे भी बदतर, जब हम वास्तव में सही हों, तब माफी माँगने का विचार ही हमारे खून को उबाल देता है।हम क्रोधित हो जाते हैं, रक्षात्मक हो जाते हैं, या दूसरों पर भड़क जाते हैं, इनमें से कोई भी चीज स्थिति को सुधारने में कोई मदद नहीं करती।यह याद रखना जरूरी है कि माफी माँगना अपराध स्वीकार करना नहीं है; यह ज़िम्मेदारी स्वीकार करना है। अगर हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफी माँगने के तीन अच्छे कारणये हैं। (1) सही होने के बजाय रिश्ते को चुनना- जब किसी रिश्ते में मुश्किलें आती हैं, तो दोष देना स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है। अगर दूसरा व्यक्ति गलत है, तो हम सही होने की संतुष्टि में खुश हो सकते हैं। आत्म-धार्मिकता के कुंड के गहरे छोर पर गोता लगाना आसान है। सही होने की अहंकार-पोषक जरूरत से ज्यादा रिश्ते के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए भावनात्मक परिपक्वता की जरूरत होती है। वर्तमान स्थिति के दर्द और कठिनाई के लिए माफी माँगना, भले ही आपने इसका कारण न बनाया हो, यह दशार्ता है कि आप सही होने की जरूरत से ज्यादा दूसरे व्यक्ति को महत्व देते हैं। (2) युद्ध जीतने के लिए युद्ध हारें - रिश्तों के मामले में आपको दूरगामी दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। घर और काम पर हमारे रिश्तों में बहुत सी लड़ाइयाँ होंगी (जैसे, राय के मतभेद, संघर्ष, आदि), और अगर हम हर मामले में खुद को सही साबित करने के लिए जी-जान से लड़ेंगे तो हम थक कर मर जाएँगे। कभी-कभी युद्ध हारना और सही होने पर भी माफी माँगना बेहतर होता है, ताकि बड़ी लड़ाई जीती जा सके (जैसे, शांति बनाए रखना, प्रोजेक्ट पूरा करना, आदि)। (3) टीम के लिए एक कदम आगे बढ़ाएँ - नेता के रूप में, कई बार हमको टीम के लिए एक कदम आगे बढ़ाना पड़ता है। हो सकता है कि हम व्यक्तिगत रूप से दोषी न हों, लेकिन अगर हमारी टीम ने गलती की है, तो हमको उनकी ओर से दोष लेना चाहिए। कमजोर नेता अक्सर अपनी टीम को तब नुकसान पहुँचाते हैं जब वे कोई गलती करते हैं। नेता खुद को किसी भी जिम्मेदारी से मुक्त कर लेगा और लापरवाही से काम करने वाली टीम पर इसका दोष मढ़ देगा। हालाँकि, सबसे अच्छे नेता अपनी टीम द्वारा की गई गलतियों के लिए माफी माँगते हैं और जो भी दोष उनके सामने आता है उसे स्वीकार करते हैं,बड़ी लड़ाई जीतने के लिए छोटी लड़ाई हारने को तैयार हैं, या अपनी टीम के लिए एक लड़ाई लड़ने की जरूरत है, तो माफी माँगना ठीक है - भले ही आपने कुछ भी गलत न किया हो।

क्षमा दान महादान है<br>
क्षमा के बराबर कोई दान नहीं है<br>
गलती करना मानवीय विकार है<br>
क्षमा करना ईश्वरय गुण हैं<br>
क्षमा खुशनसीब है<br>
अहंकार बदनसीब हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मुझको भैयाजी माफ करना गलती मारे से हो गई। गलती हो जाने पर क्षमा मांगना हर समस्या का तर्कसंगत समाधान है। यदि हमसे वाकई कोई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगना हमारा बड़प्पन होगा और हमारी खामियों के बावजूद सम्मान, भरोसा हासिल होगा।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपको आपकी मेहनत का फल न मिलने से आपको टेंशन भी अधिक रहेगी। धन को लेकर आपको योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप अपने खर्चों को कंट्रोल में रखें। वैवाहिक जीवन में साथी से आप किसी बात को लेकर लड़ाई झगडे में पड़ सकते हैं। विद्यार्थियों का पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों से जुड़कर पुण्य कमाने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी कार्य क्षमता बढ़ने से आपको खुशी होगी। यदि आप किसी नए काम को करने के लिए सोच विचार कर रहे हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको अपने भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा। बिजनेस में आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसके लिए आपको अनुभवी व्यक्तियों से सलाह की आवश्यकता होगी। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। पारिवारिक मामलों को आप घर में ही रहने दें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकती हैं। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप किसी परीक्षा की तैयारी में मेहनत से जुटेंगे।

कर्क- आज का दिन राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है। किसी नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। आपको अपने कामों को लेकर कार्यक्षेत्र में यदि अपने जूनियर से कोई मदद की आवश्यकता होगी, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आपके कुछ नए विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपको अपने खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार में खुशियां बनी रहेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कहीं बाहर जाने का ऑफर मिल सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाएं रखें, नहीं तो बाद में उन्हें समस्याएं आ सकती हैं। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय पारिवारिक मामलों को सुनने में व्यतीत करेंगे। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी पर भरोसा सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र की याद सता सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने करियर पर पूरा ध्यान देंगे, इसलिए यदि आपको जॉब चेंज करने की कोई भी मौका मिले, तो आप उसे हाथ से जाने न दें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होंगी। आपको किसी से कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको किसी परिवार के सदस्य की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे। जीवनसाथी के साथ भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप यदि धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से सभी व्यस्त रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आप किसी नयी प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं। आपको इन्वेस्टमेंट सोच समझकर करने होंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी प्रेम बना रहेगा। पार्टनरशिप में आपको कोई काम करने से बचना होगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस को बनाए रखने के लिए रहेगा। आपका कोई काम पूरा होने में समस्या आएगी, लेकिन किसी दूर रहे परिजन की मदद से पूरा हो सकता है। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं शॉपिंग पर जा सकते हैं। आपकी किसी पारिवारिक समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज रहेंगे। आपने यदि किसी से कोई वादा किया है, तो उसे भी आपको समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए पद की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपका दिन खुशियों से सराबोर रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। बिजनेस में आपको अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपकी कोई पारिवारिक समस्या दूर हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपकी इनकम के स्रोत बढ़ेंगे। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और आपने यदि पहले कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपका कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आप अपने घर के कामों को भी समय से पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

## अरबपतियों का गाँव

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गाँव के चौराहे पर शाम का मेला लगा था। ढोल बज रहा था, पकोड़े तले जा रहे थे, और चौपाल पर बैठा हर आदमी अपनी खस्ता जेबों की कहानियाँ सुना रहा था। तभी प्रधानजी आते हुए बोले, ₹खबर सुनी? हमारे देश में 185 अरबपति हो गए हैं!₹ रामदीन काका, जिनकी धोती का एक सिरा फटा हुआ था, ताली बजाते हुए बोले, ₹वाह! अब तो सबका भला होगा। बगल में बैठा छोटू, जो रोज रिक्शा चलाकर पेट पालता था, पूछ बैठा, ₹काका, यह अरबपति होते क्या हैं? काका ने जवाब दिया, ₹अरे, अरबपति मतलब जिनके पास इतने पैसे हों कि गिनने के लिए कलेंडर लगाना पड़े! छोटू आँखें फाड़कर बोला, फिर तो मैं आधा अरबपति हूँ। मेरे पास गिनने लायक पैसे नहीं हैं। यह सुनकर चौपाल में ठहाका गूंजा। लेकिन प्रधानजी गम्भीर हो गए। बोले, ₹तुम नहीं समझोगे, अरबपति बढ़ने का मतलब है देश का विकास। यह सुनकर हलवाई रामसिंह ने चिमटा उठाया और बोले, ₹प्रधानजी, मेरे चूल्हे की आँच तो रोज ठंडी पड़ती है। यह विकास वाली आग कौन सा ईंधन जलाकर लाई जाती है? प्रधानजी ने जोर से खाँसते हुए कहा, ₹देखो, यह सब बड़े-बड़े लोग करते हैं। वे पैसा लगाते हैं, फैक्ट्रियाँ लगाते हैं, और तुम जैसे लोगों को रोजगार देते हैं। तभी कालेज की पढ़ाई छोड़कर लौटे रवि ने सवाल दागा, ₹तो ये अरबपति किस फैक्ट्री में पैसे लगाते हैं जहाँ मजदूरों के हिस्से में सिर्फ वादे आते हैं? चुप्पी छा गई। प्रधानजी ने बात बदलते हुए कहा, ₹वैसे, अगले साल और अरबपति बनेंगे। सोचो, कितनी तरक्की होगी! बुद्धू हलवाई मुस्कुराते हुए बोला, ₹तो फिर हम जैसे लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। हम ह्यसौदागर' कहलाएँगे—गरीबी बेचकर अमीरों को बधाई देने वाले। मंटू धोबी, जो पुराने कपड़े सुधारने का काम करता था, ठहाका लगाते हुए बोला, ₹प्रधानजी, जब अगली बार आपकी गाड़ी खराब हो, तो मुझे अरबपति बनने का मौका दीजिए। मैं आपकी गाड़ी धक्का लगाकर धनी बन जाऊँगा। प्रधानजी को गुस्सा आ रहा था। बोले, *तुम सब सिर्फ मजाक कर सकते हो। जब चीन के बराबर अरबपति होंगे, तब समझोगे कि क्यों यह अच्छी बात है। तभी बूढ़े मदन काका, जो चुपचाप बीड़ी सुलगा रहे थे, बोले, ₹चीन की बात करते हो बेटा। क्या तुम्हें मालूम है कि वहाँ मजदूर पेट भर खाता है और हमारे यहाँ फटे कपड़े पहनता है?₹ यह सुनकर सबकी हँसी कहीं खो गई। प्रधानजी बड़बड़ाते हुए उठे और बोले, ₹तुम सब नकारात्मक सोच वाले हो। यही कारण है कि तुम आगे नहीं बढ़ते। उनके जाते ही छोटू बोला, ₹प्रधानजी तो अरबपतियों के लिए चुनाव लड़ेंगे। हम गरीबों के लिए कौन लड़ेगा? गाँव की चुप्पी भारी हो गई। पकोड़े ठंडे पड़ गए। चौराहे पर अँधेरा छा गया। और हर आदमी यह सोचते हुए अपने घर लौटा कि अरबपतियों के बढ़ते आँकड़े उनके बुझे चूल्हों की आँच कब जलाएँगे। गाँव के चौराहे पर शाम का मेला लगा था। ढोल बज रहा था, पकोड़े तले जा रहे थे, और चौपाल पर बैठा हर आदमी अपनी खस्ता जेबों की कहानियाँ सुना रहा था। तभी प्रधानजी आते हुए बोले, ₹खबर सुनी? हमारे देश में 185 अरबपति हो गए हैं! रामदीन काका, जिनकी धोती का एक सिरा फटा हुआ था, ताली बजाते हुए बोले, वाह! अब तो सबका भला होगा। बगल में बैठा छोटू, जो रोज रिक्शा चलाकर पेट पालता था, पूछ बैठा, ₹काका, यह अरबपति होते क्या हैं? काका ने जवाब दिया, ₹अरे, अरबपति मतलब जिनके पास इतने पैसे हों कि गिनने के लिए कलेंडर लगाना पड़े! छोटू आँखें फाड़कर बोला, ₹फिर तो मैं आधा अरबपति हूँ। मेरे पास गिनने लायक पैसे नहीं हैं। यह सुनकर चौपाल में ठहाका गूंजा। लेकिन प्रधानजी गम्भीर हो गए। बोले, ₹तुम नहीं समझोगे, अरबपति बढ़ने का मतलब है देश का विकास। यह सुनकर हलवाई रामसिंह ने चिमटा उठाया और बोले, ₹प्रधानजी, मेरे चूल्हे की आँच तो रोज ठंडी पड़ती है। यह विकास वाली आग कौन सा ईंधन जलाकर लाई जाती है? प्रधानजी ने जोर से खाँसते हुए कहा, ₹देखो, यह सब बड़े-बड़े लोग करते हैं। वे पैसा लगाते हैं, फैक्ट्रियाँ लगाते हैं, और तुम जैसे लोगों को रोजगार देते हैं। तभी कालेज की पढ़ाई छोड़कर लौटे रवि ने सवाल दागा, ₹तो ये अरबपति किस फैक्ट्री में पैसे लगाते हैं जहाँ मजदूरों के हिस्से में सिर्फ वादे आते हैं? चुप्पी छा गई। प्रधानजी ने बात बदलते हुए कहा, ₹वैसे, अगले साल और अरबपति बनेंगे। सोचो, कितनी तरक्की होगी! बुद्धू हलवाई मुस्कुराते हुए बोला, ₹तो फिर हम जैसे लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। हम ह्यसौदागर' कहलाएँगे—गरीबी बेचकर अमीरों को बधाई देने वाले। मंटू धोबी, जो पुराने कपड़े सुधारने का काम करता था, ठहाका लगाते हुए बोला, ₹प्रधानजी, जब अगली बार आपकी गाड़ी खराब हो, तो मुझे अरबपति बनने का मौका दीजिए। मैं आपकी गाड़ी धक्का लगाकर धनी बन जाऊँगा। प्रधानजी को गुस्सा आ रहा था। बोले, *तुम सब सिर्फ मजाक कर सकते हो। जब चीन के बराबर अरबपति होंगे, तब समझोगे कि क्यों यह अच्छी बात है।

## शिक्षा

# शिक्षा का प्रसार : दावे और हकीकत

तनवीर जाफरी



पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यू पी ए के शासन के समय देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कानून बनाया गया था जिसके तहत, 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था है। यह एक मौलिक अधिकार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत, 6 से 14 साल के सभी बच्चों को यह अधिकार दिया गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी इस अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। सवाल कि क्या यह कानून धरातल लागू हो भी पा रहा ? क्या देश के अधिकांश गरीब परिवारों को इस कानून की जानकारी भी पहुंचाई जाती है ? क्या देश की सरकारें स्कूल्स को वह बुनियादी ढांचा मुहैय्या करा रही हैं जिसकी उन्हें जरुरत है ? खासकर देश के सरकारी स्कूल्स का क्या हाल है इन को लेकर सरकार की क्या नीयत है ? वर्तमान सत्ताधारी प्रायः यह कहते भी सुनाई देते हैं कि युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि स्वयं नौकरी देने योग्य बनें। यह बात सुनने में तो कानों को भाती जरूर हैं परन्तु यह हकीकत से कोसों दूर है। कोई भी युवा जो खुद नौकरी की तलाश में है उसे पहले तो शिक्षित व आर्थिक रूप से संपन्न होना जरूरी है। परन्तु इस समय देश के अधिकांश उत्तर भारतीय राज्यों से स्कूल्स के संबंध में जो समाचार आते हैं उन्हें देखकर तो सरकार के शिक्षा के प्रसार के दावों पर सवाल उठना लाजमी है। पिछले दिनों राजस्थान से एक खबर आई जिससे पता चला कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा गत मात्र 10 दिनों के भीतर ही लगभग 500 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूल तमाम कथित प्रयासों के बाद भी लगातार बंद होते जा रहे हैं। इसी तरह यदि मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 5500 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां पहली कक्षा में एक भी छात्र भर्ती नहीं हुआ है। यानि इन स्कूलों में अब पहली कक्षा जीरो ईयर घोषित की जाएगी। वहीं करीब 25 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक या दो बच्चों के एडमिशन ही हुए हैं। प्रदेश में 11,345 स्कूलों में केवल 10 एडमिशन हुए। इसी तरह करीब 23 हजार स्कूल ऐसे हैं जहां मात्र तीन चार अथवा पांच बच्चों ने ही एडमिशन लिया है । प्राप्त समाचारों के अनुसार अब तक कुल मिलाकर लगभग 500 स्कूल्स में ताला पड़ चुका है। यदि अगले शैक्षणिक सत्र में भी यही हाल रहा तो प्रदेश के हजारों सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। दरअसल इसे आम धारणा कहें या कड़वी सच्चाई कि केवल निजी स्कूलों में ही अच्छी




शिक्षा दी जाती है जिसकी वजह से अधिकतर लोग अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में करवाना ही पसंद करते हैं। यही कारण है कि निजी स्कूल सिस्टम, सरकारी स्कूल सिस्टम पर पूरी तरह हावी हो गया है। जाहिर है राजस्थान व मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों के स्कूल्स में विद्यार्थियों की घटती संख्या पूरे समाज के लिये चिंता का विषय है। यहाँ प्रथम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के करीब 23 लाख स्कूली छात्र ऐसे हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2023-24 पूरा करने के बाद वापस स्कूल नहीं लौटे। आश्चर्य है कि इन बच्चों ने किसी अन्य विद्यालय में भी दाखिला नहीं लिया है। जाहिर है इतनी बड़ी तादाद में छात्रों का स्कूल छोड़ना अब स्कूल शिक्षा विभाग के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अधिकारी इस बात को लेकर मंथन कर रहे हैं कि किस प्रकार छात्रों को वापस स्कूल बुलाया जाए। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भी भारी कमी है। यहां 80 हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षकों को शिक्षण कार्य हेतु लगाया गया है। परन्तु इन अतिथि शिक्षकों के पास न तो बच्चों को पढ़ाने का पर्याप्त अनुभव है और न ही इन्हें विभागीय प्रशिक्षण हासिल है। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति प्रायः इतनी बदहाल है कि अनेक स्कूल्स में आज भी पुस्तकालय, पीने का पानी, बिजली और हाथ थोने तक की बुनियादी सुविधाओं की कमी है। विगत पांच वर्षों में शिक्षकों की संख्या में तथा विद्यार्थियों की भर्ती दोनों में भारी कमी आई है और हजारों सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति को सुधारने में भाजपा सरकार बुरी तरह असफल हुई है और भाजपा के शिक्षा प्रसार के दावे भी महज एक जुमला साबित हो रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के टीचर ही नहीं हैं। वहीं, सरकारी स्कूल में बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन और निःशुल्क यूनीफॉर्म व किताब वितरण बच्चों को स्कूल तक लाने में कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। दूसरी तरफ निजी स्कूलों में प्रायः बच्चों की सभी मूलभूत सुविधाओं का खयाल रखा जाता है। हाँ, दिल्ली के सरकारी स्कूल्स इस मामले में अपवाद जरूर कहे जा सकते हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूल देखने के लिये अनेक विदेशी मंत्री व विशिष्ट व्यक्ति तो आते ही रहते हैं स्वयं अमेरिकी शिक्षक भी दिल्ली का स्कूल मॉडल देखने आते रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिका से आए 13 शिक्षकों के एक दल ने दिल्ली के सरकारी स्कूल्स में उपलब्ध सुविधाओं को देखा तथा इनसे बहुत प्रभावित हुये। गौरतलब कि दिल्ली सरकार द्वारा 'स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' की शुरूआत की गयी है। जहां पर प्रत्येक प्रतिभावान,हर वर्ग, हर परिवारिक पृष्ठभूमि, हर आर्थिक पृष्ठभूमि का छात्र बेहतर शिक्षा हासिल कर सकने में सक्षम है। सरकारी स्कूल्स में शिक्षा की बात तो दूर यदि आप गौर करें तो धीरे धीरे बस अड्डों,रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों से भी आहिस्ता आहिस्ता बुक स्टाल्स समाप्त होते जा रहे हैं। हजारों सरकारी व निजी पुस्तकालय बंद हो चुके हैं तथा उनके भवनों का दूसरा उपयोग किया जा रहा है। इन हालात को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि सरकार के शिक्षा का प्रसार के दावे और हकीकत में काफी अंतर है।

## एक नजर

### 6 वीं कक्षा में प्रवेश के लिए 14 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**दंतेवाड़ा, 20 जनवरी।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करने उनमें बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान करने हेतु पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 06 वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 16 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उक्त परीक्षा के लिए 27 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में 27 मार्च 2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार के बच्चों को संस्था में सीधे प्रवेश दिया जायेगा। नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 20 जनवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की रिक्त पद की पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र कावड़गांव डोंगरीपारा, पोन्दुम पटेलपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद रिक्त है। इस हेतु संबंधित क्षेत्र से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 30 जनवरी 2025 कार्यालयीन समय 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में सम्पर्क कर सकते है।

### अभा सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन

**दंतेवाड़ा, 20 जनवरी।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाइट पर बाद में घोषित की जाएगी। इस संबंध में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पूर्व में प्रवेश सूचना में फार्म भरने की अंतिम तिथि 13 जनवरी 2025 थी, अब 23 जनवरी 2025 शाम 05 बजे तक आवेदन कर सकते है।

### जावंगा में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 20 जनवरी।** जिला परिवहन विभाग से दी गई जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ''35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025'' का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक किया चुका है। जिस हेतु शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आम नागरिकों को लाभ पहुंचाने हेतु लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन स्थान यातायात कार्यालय, परिसर दंतेवाड़ा में 17 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 10. 00 बजे किया गया है। इस संबंध में इच्छुक व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये नियत है। साथ ही परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस,टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्कैनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड, बिजली बिल, वोटर आईडी, पासपोर्ट शासन द्वारा जारी आईडी, 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति अनिवार्य किया गया है। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा मैट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के सहयोग से गीदम के यूथ हब में 15 से 20 जनवरी, 2025 तक सात दिवसीय एंटरप्राइजिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के युवाओं को उद्यमिता और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन नई दिल्ली से आई प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु छात्रों को उद्यम एंटरप्राइज, उद्यमिता विकसित, विशेष उद्यम की पहचान, प्रभावी व्यापार रणनीति, नेतृत्व कौशल, नेटवर्किंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा।इस प्रशिक्षण सत्र का 18 से 35 साल के युवा लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में इच्छुक युवा जावंगा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बीपीओ बिल्डिंग में स्थित यूथ हब में अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### बारह साल बाद भी मंत्री जी की घोषणा पर अमल नहीं


**छुरा 12 जनवरी।** गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पूनूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुये प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13;14;15 के मकानों के छत के उपर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा किया मंत्री जी के घोषणा पर उपस्थित जन समूहों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया ! मंत्री जी के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ , मंत्री जी ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री जी की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री जी की घोषणा पूरा होगा,मोहल्ले वासी जब जब मंत्री प्रभारी मंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते है तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं!

# मत्स्य विभाग पर लापरवाही व ठगी का आरोप

## आदिवासी किसानों के लिए करोड़ों रुपये के तालाब बनाने में ठगी का मामला सूचना के अधिकार के तहत आया सामने

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, हेमत बेश्रा

**कांकेर 20 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के कांकेर जिले में नील क्रांति योजना के तहत आदिवासी किसानों को करोड़ लाख रुपये की ऋण राशि देने में मत्स्य विभाग की लापरवाही और ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि मत्स्य जन सूचना अधिकारी सहायक संचालक मछली पालन जिला उत्तर बस्तर कांकेर एस एस कंवर ने किसानों से तालाब खनन और मत्स्य पालन के लिए आवेदन तो प्राप्त किए, लेकिन उन्हें तय समय पर स्वीकृत राशि का लाभ नहीं मिला। किसानों के अनुसार, उनके द्वारा आवेदन किए गए ऋण की राशि स्वीकृत हो गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण वह राशि उन्हें नहीं दी जा सकी। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्रधान जन सूचना अधिकारी सहायक संचालक मछली पालन उत्तर बस्तर कांकेरमें फर्जीवाड़ा एवं लाखों करोड़ों की गड़बड़ी करने वाले अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत से तानाशाही एवं किसानों को




तालाब निर्माण कार्य एवं मछली पालन में किए गए भ्रष्टाचार के किसानों द्वारा नील क्रांति सन 2018-19 पालन छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक दोस्त 59 नील क्रांति योजना अटल नगर रायपुर दिनांक 6 3 2019 के अनुपालन में केंद्र क्षेत्र योजना नील क्रांति अंतर्गत जिले में पखांजूर बंदे दुर्ग कुंडल नरहरपुर कांकेर कोहली बेड़ा कांकेर जिले में किसानों के द्वारा तालाब निर्माण एवं मछली पालन किए गए फर्जी वाले अधिकारी कर्मचारी सहायक संचालक मछली पालन अधिकारी एस एल कंवर के द्वारा विकासखंड कोयलीबेड़ा कापसी बंदे किसान सुबोध मंडल कापसी जागेश्वर पूर्व दुर्ग कुंडल व्यक्तिगत निर्माण कार्य मछली पालन किए गए हैं

कांकेर जिले के विभिन्न गांवों के आदिवासी किसान, जिनमें लक्ष्मण मंडावी (ग्राम मरोड़ा), गोविंद राम (ग्राम बरका), आशीष कुमार सिन्हा (ग्राम दिल्लीडीही), प्रशांत कोल्हादार (ग्राम सुलंगी), बुधियारिन बाई (ग्राम सुलंगी), परसराम (ग्राम बरदा), सिंगल कोरेटी (ग्राम पांचंगी), जय सिंह (ग्राम कलारपारा पालवी), विश्वजीत हालदार (ग्राम चांदीपुर) और राकेश कुमार (ग्राम पंचांगी) शामिल हैं, ने यह आरोप लगाया कि उन्होंने लंबी प्रक्रिया के बाद इस ऋण के लिए आवेदन किया था और उनकी स्वीकृत राशि करोड़ लाख रुपये थी, लेकिन अब तक उन्हें वह राशि प्राप्त नहीं हो पाई।

किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका मामला लटका हुआ है और जब उन्होंने बार-बार विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया तो कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि मत्स्य जन सूचना अधिकारी सहायक संचालक मछली पालन कांकेर एस एस कंवर ने जानबूझकर उनके मामलों को अनदेखा किया और समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे उनकी खेती और जीवनशैली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की और कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उच्च अधिकारियों से संपर्क करेंगे और जरूरी कार्रवाई की मांग करेंगे। उनका कहना है कि यह राशि उनके जीवनयापन के लिए बेहद जरूरी थी और विभागीय लापरवाही की वजह से उन्हें भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस पूरे मामले ने बस्तर अंचल में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। आदिवासी किसानों का कहना है कि यदि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर और सही तरीके से नहीं मिलता तो इसका असर उनके जीवन पर पड़ता है। प्रशासन की निष्क्रियता से किसानों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# विष्णु की पाती से लोगों को सम्मान और अपनापन का हुआ अनुभव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 20 जनवरी।** विष्णु की पाती का वितरण नगर पालिका परिषद सुकमा के विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश प्रदान किया गया। जिसे पाकर हितग्राहियों में अपार खुशी देखी गई। नगर पालिका परिषद सुकमा में निवासरत परिवारों की कठिनाइयों को समझते हुर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने की अनुमति दी गई है, जो हमारे परिवार के लिए एक बहुमूल्य तोहफा साबित होगा। प्रधानमंत्री आवास



योजना के हितग्राहियों ने कहा कि इस योजना के तहत लोगों को न केवल घर मिल रहे हैं बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है। विष्णुदेव साय सरकार ने उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाया है, जिससे उनमें सुरक्षा और सम्मान का भाव पैदा हुआ है। विष्णु की पाती के माध्यम से प्रदेश के मुखिया ने हमसे संवाद कर हमारा मान बढ़ाया है। हमारी तरफ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत बहुत धन्यवाद और हितग्राहियों को मुख्यमंत्री का संदेश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने पत्र में लिखा है। जय जोहार। मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपका पक्का मकान शीघ्र ही बनकर तैयार हुआ । यह मेरा सौभाग्य है कि आपके इस सपने को साकार करने का माध्यम मैं बना हूं। आपके नए घर में खुशियां और समृद्धि बनी रहे यही मेरी शुभकामना है। उन्होंने पत्र के अंत में लाभार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी हैं।

# कुम्हारराास जलाशय में नौकायन प्रारंभ,ऐलैगुंडा पर्यटन समिति ने घुड़मारास की तर्ज पर विकसित की सुविधा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 जनवरी।** जिले में पर्यटन की दृष्टि से लगातार नए उपक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं ,इसी परिपेक्ष्य में कुम्हारराास के विशाल जलाशय में पर्यटकों के लिए कयाकिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई है।जिसमें युवाओं ने ऐलैगुंडा पर्यटन समिति के माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा के उद्देश्य युवाओं इस स्थल को विकसित किया है। शनिवार से पर्यटकों के लिए यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है,जिसमें समिति द्वारा निर्धारित शुल्क देकर पर्यटक कयाकिंग का आनंद ले सकते हैं । ऐलैगुंडा पर्यटन समिति ने यहां पर



सुविधाओं के रूप में दो कैंटीन भी स्थापित किए हैं ।जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही यहां नाइट कैंपिंग के साथ में मनोरम दृश्य का पर्यटक आनंद उठा सकेंगे । दंतेवाड़ा से 6 किलोमीटर दूर बचेली रोड पर स्थित कुम्हारराास जलाशय चारों ओर से पहाड़ों और वनों से घिरा हुआ है जो इसे एक नैसर्गिक सुंदरता प्रदान करता है । समिति के दिनेश भास्कर ने बताया कि आने वाले समय में हम पर्यटकों के लिए सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है ताकि पर्यटक यहां आकर क्षेत्र की खूबसूरती का आनंद ले सकें।

### मुख्यमंत्री साय परिजनों को सौंपेंगे अनुकम्पा नियुक्ति आदेश

**रायपुर, 20 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 20 जनवरी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान मृत कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपेंगे। विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए पूर्व कर्मियों के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने 353 नए पद मंजूर किए गए हैं। कार्यक्रम में विभिन्न नगरीय निकायों में 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का लोकार्पण और 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास भी किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री ने महारानी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**जगदलपुर, 20 जनवरी।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को बस्तर जिले के प्रवास पर 200 बिस्तरीय महारानी जिला चिकित्सालय एवं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और आईसीयू का निरीक्षण किया और विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से रूबरू होकर निःशुल्क दवा योजना तथा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। वहीं अस्पताल में साफ सफाई, पर्ची काउंटर, हेल्पडेस्क काउंटर, मातृ शिशु केंद्र, लेबर रूम, सिटी स्कैन सेंटर का जायजा लिया और अस्पताल के दवा स्टोर पर दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। इस निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल द्वारा जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग, आईसीयू, एक्स-रे विभाग, मेडिसिन वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही पैथोलॉजी हमर लैब में दी जा रही सुविधाओं व मॉड्यूलर किचन का औचक निरीक्षण किया एवं मेनू अनुसार दिये जा रहे भोज्य पदार्थों की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने माड्यूलर किचन में बने हुए अरहर दाल का स्वाद लेकर गुणवत्ता एवं स्वादिष्ट दाल बनाने के लिए किचन में उपस्थित रसोइयों की प्रशंसा की। इस मौके पर विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री हरिस एस, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन महारानी अस्पताल डॉ संजय प्रसाद तथा अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद थे।

### ग्राम आलनार के ''हर घर-आंगन में है अब जल सुविधा

**दंतेवाड़ा, 20 जनवरी।** केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिकों को उनके घरों में शुद्ध पेयजल एवं निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर उनके स्वास्थ्य सुरक्षा एवं समय और श्रम की बचत के लिए शुरू की गई ''हर घर जल योजना'' बस्तर संभाग के आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा के दूरस्थ ग्रामों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। यह योजना जिले के दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बसे ग्रामीण परिवारों के लिए संजीवनी संज्ञा इसलिए दी जा रही क्योंकि यहां के निवासियों को पेयजल एवं निस्तार हेतु पानी के लिए हैंडपंप, कुआं, तालाब आदि पर निर्भर रहना पड़ता था। इस परिप्रेक्ष्य में जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत आलनार के ग्रामीणों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना के शुरू होने से ग्राम पंचायत आलनार के ग्रामीणों को अब पानी के प्रबंधन के लिए आपाधापी से मुक्ति मिली है। अब हर घर आंगन में उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने के साथ उनके श्रम की बचत हो रही है। इस संबंध में ग्रामीणों का मत है कि बाहर से पेयजल के लिए प्रबंध किए जाने वाले पानी से जल जनित बीमारियों का खतरा भी रहता था। इसके अलावा गांव के महिलाओं और बच्चों पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। कार्य में सबसे ज्यादा परेशानी हमारे घर की महिलाओं को होती थी लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हमारे गांव के सभी घरों में पानी पहुंच जाने से ग्राम वासियों के लिए बहुत बड़ी समस्या का निदान हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को हर ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस क्रम जल जीवन मिशन योजना में विगत दिवस ग्राम पंचायत आलनार के सभी घरों के नलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु ''हर घर जल'' प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। और इस ग्राम पंचायत में जल उत्सव के आयोजन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन योजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभाग जिले के सभी गांव के प्रत्येक घर में पेयजल आपूर्ति हेतु लगातार प्रयासरत हैं। आज हर घर जल प्रमाण पत्र उन सभी प्रयासों का फल है जो यहां के स्थानीय अधिकारियों और जन समुदायों ने मिलकर हर घर में शुद्ध पेयजल की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार हेतु कार्य किया है। जल जीवन मिशन योजना से आज जिले के ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति हो रही है। इस जल उत्सव कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसे छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ग्रामीणों के द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। जिससे गांव की महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी भरने की पीड़ा और समय की बचत से आर्थिक जीवन सुधारने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में उपस्थित गांव के पटेल पारा की गर्भवती महिला ''सुकारो मरकाम'' ने बताया कि पहले घर के काम और पीने के पानी लेने के लिए इसी हालत में ही घर से दूर जाकर पानी भरना पड़ता था जिससे तबीयत अधिक खराब रहती थी और समय नहीं होने के कारण स्वयं पर ध्यान नहीं दे पाती थी लेकिन अब हमारे घर में जल जीवन मिशन का नल लग जाने से घर के आंगन में ही पानी मिल जाता है जिससे अब मुझे बहुत आराम है और अब मेरा और बच्चों का भी स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

### जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही लगातार बढ़ोतरी

**गरियाबंद 20जनवरी।** कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के दिशानिर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में बढोत्तरी हो रही है। जिससे स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रति आम जनता का विश्वास भी बढा है, इसी विश्वास का प्रतिफल है कि जिले में अधिकांश प्रसव सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में हो रहे है। इसी संदर्भ में विकासखंड छुरा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़मा में 48 घंटे के अंदर नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से 7 नवजात बच्चों की किलकारियां गुंजी। इसके लिए चिकित्सा अधिकारियों एवं मेडिकल स्टाफ ने तत्परता एवं सजगता से कार्य करते हुए प्रसव कार्य को सम्पन्न कराने में योगदान दिया।

## भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ, हितग्राहियों को चेक वितरित

**जगदलपुर, 20 जनवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सोमवार को न्यू सर्किट हाउस रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय



भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। साथ ही उक्त योजनांतर्गत हितग्राहियों को दस-दस हजार रुपए सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने इस योजनांतर्गत प्रदेश में लाभान्वित होने वाले 05 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को बधाई दी और गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए कटिबद्धता के साथ पहल करने पर बल देते हुए कहा कि हमारी सरकार अपने वादों को लगातार पूरे कर रही है। इसी क्रम में भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही है।

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर जल प्रदाय योजनाओं को जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश


**जगदलपुर, 20 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ योजनाबद्ध ढंग से संचालित कर जल्द पूर्ण किया जाए। जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यादेश के बाद काम शुरु नहीं किया गया है ऐसे ठेकेदारों का कार्य निरस्त कर संबंधित के विरुद्ध ब्लेक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। वहीं काम बंद कर धीमी गति से कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध पेनॉल्टी की कार्रवाई करने सहित सम्बन्धित को आगामी निविदा प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाए। साथ ही ज्यादा काम वाले ठेकेदारों को आवश्यक निर्माण सामग्री, उपकरण की उपलब्धता तथा पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था कर कार्यों में अद्यतन प्रगति लाए जाने निर्देशित किया जाए। इन ठेकेदारों द्वारा कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर सम्बंधित के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी करने सहित पेनाल्टी सम्बन्धी कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर श्री हरिस ने शनिवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हरिस एस ने बैठक में जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत जल प्रदाय योजनाओं हेतु जल स्त्रोत की उपलब्धता, हर घर नल कनेक्शन के लिए पाईप लाईन विस्तार, घरों को कनेक्शन प्रदाय, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, जलापूर्ति के लिए विद्युत कनेक्शन प्रदाय स्थिति, वर्तमान में जलापूर्ति करने वाले योजनाओं सहित सोलर सिस्टम से जल प्रदाय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली और इन जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत लक्षित एफएचटीसी के एवज में अब तक प्रदत्त एफएचटीसी तथा वर्तमान में जलापूर्ति किए जाने वाले एफएचटीसी के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## विंध्य कुर्मी समाज ने नगर के आश्रय स्थान परिसर में किया गया आयोजन

# मिलन समारोह में बड़ी संख्या में आए समाज के लोग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 जनवरी।** रविवार को विंध्य कुर्मी समाज का संभागीय मिलन समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाडा नगर के आश्रय स्थल परिसर में किया गया। सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जगदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, लखनपुरी, भानुप्रतापपुर, केशकाल, सोनारपाल, बीजापुर, भैरमगढ, लोहंडीगुडा, निमेड, बचेली, कटेकल्याण एवं नकुलनार से बड़ी संख्या में समाज के लोग दंतेवाड़ा पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.बी.पटेल ने की। मुख्य अतिथि जे.पी.पटेल (नारायणपुर) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गंगादीन पटेल (संभागीय उपा0 सोनारपाल) राम नारायण पटेल (वरिष्ठ व्यापारी कांकेर) रामसुमेर पटेल (अध्यक्ष भैरमगढ़)रहे। सम्मेलन में संभागीय समिति के अध्यक्ष



रामनिवास पटेल, संभागीय सचिव-संजीव पटेल भैरमगढ, संभागीय कोषाध्यक्ष-विश्वनाथ पटेल, संभागीय सह सचिव-नन्दलाल पटेल, संभा0वरि0उपाध्यक्ष-जीतेंद्र पटेल, सोनारपाल जिला अध्यक्ष-रजनीश पटेल। दंतेवाड़ा जिला के बिंध्य समाज समिति के जिला अध्यक्ष- अरूण पटेल, कोषाध्यक्ष- भैयालाल पटेल, तेजभान पटेल, आईएल पटेल, कामता पटेल, रामलाल पटेल, गजाधर पटेल एवं दिनेश पटेल शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां दंतेश्वरी देवी एवं समाज के जननायक सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तदोपरांत संभागीय अध्यक्ष रामनिवास पटेल एवं भैयालाल पटेल समेत अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। दंतेवाडा में समाज के गठन उपरांत पहली वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। व्यापार करने वाले समाज के सदस्यों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर इस अधिवेशन में पहुंचे थे। पुरूषों के अलावा काफी तादात में महिलाएं भी उपस्थित हुई थी। सम्मेलन को रामसुमेर पटेल, रामनिवास पटेल एवं गंगादीन पटेल ने संबोधित किया। समाज प्रमुखों ने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उसकी एकजुटता से ही होती है इसलिए हमें भी एकजुट रहना है। समाज में फैली कुरीतियों को दुर करना है तथा सबको मिलकर समाज के उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए। समाज में सभी एक दुसरे को जान सकें पहचान सकें ताकि विपरीत परिस्थितियों में हम सब एक दुसरे की मदद कर सकें।

# झांसी में पकड़े गए रायगढ़ दोहरे हत्याकांड के आरोपी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 20 जनवरी।** शहर के हृदय स्थल व सिटी कोतवाली से महज 500 मीटर की दूरी पर 13.14 जनवरी की दरम्यानी रात को बुजुर्ग भाई-बहन की नृशंस हत्या के मामले में रायगढ़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। दोहरे हत्याकांड कर गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली भाग रहे युवती सहित तीन आरोपियों को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के सुझबुझ से आरपीएफ पुलिस की टीम ने झांसी में धर दबोचा है। जिन्हें लेने रायगढ़ पुलिस झांसी के लिए रवाना हो गई है। जिसे संभवत- कल लाया जाएगा और बारिकी से पूछताछ के बाद पुलिस दोहरे हत्याकांड के कारणों का खुलासा करेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सामने स्थित पुरानी हटरी निवासी सीताराम जायसवाल 70 साल उसकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल 68 साल की 13-14 जनवरी की दरम्यानी रात को हत्या के बाद अगले दिन उनके ही घर में दोनों की लाश मिली थी। दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस कप्तान दिब्यांग पटेल ने हत्यारों को दबोचने व हत्या के कारणों की पतासाजी के लिए मोर्चा संभाल लिया। इस हत्याकांड का खुलासा करने पुलिस अधीक्षक ने टीमें गठित की जो प्रत्येक बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले के तह तक जाने के प्रयास में जुटी नजर आई, यही नहीं पुलिस अधीक्षक ने इन पांच दिनों में सीसीटीवी कैमरे के फुटेजों को बारीकी से खंगालने के साथ-साथ घटना स्थल का कई बार मुआयना किया। एसपी पटेल को यह भी संदेह था कि आरोपी कहीं यात्री ट्रेन से भाग रहे हो, जिस पर उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल की मदद ली और संदेहियों के फोटो आरपीएफ की टीमों के साथ सांझा किया। एसपी पटेल का यह संदेह बीती रात उस वक्त पुख्ता हो गयाए जब झांसी आरपीएफ पुलिस ने संदेहियों को दबोच लिया, जिसमें दो युवक व एक युवती शामिल थी। आरपीएफ की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने हत्याकांड को अंजाम देने की बात स्वीकारी और कारणों के संबंध में उन्होंने चोरी की नियत से घर घुसना बताया। झांसी आरपीएफ की सूचना पर रायगढ़ पुलिस टीम आरोपियों को लेने झांसी के लिए रवाना हो गई हैएजिन्हें कल तक रायगढ़ लाया जा सकता है। जिसके बाद पुलिस इस हत्याकांड से जुड़े अन्य और बिंदुओं पर बारिकी से पूछताछ करेंगी। क्योंकि यह बात हलक से नहीं उतर रही कि महज चोरी की नियत से कोई घर के अंदर घुसेगा और दोहरे हत्याकांड को अंजाम दे देगा। ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता। इन सब बिंदुओं पर जब रायगढ़ पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ करेगी तब ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।आरोपियों में सभी आरोपी शहर के ही रहने वाले हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी यात्री ट्रेन की माध्यम से फरार हो रहे थे, कि उन्हें रास्ते झांसी में ही दबोच लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रायगढ़ पुलिस कल सोमवार को इस पूरे मामले का खुलासा कर सकती है।

मध्यप्रदेश के झांसी में पकड़ाये आरोपी-चोरी करने गए थेए पकड़े जाने के डर में की थी हत्या घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी थी कि इसी दौरान पुलिस को जानकारी लगी कि पास में ही रहने वाले दो युवक इस हत्याकांड में शामिल हैं। पुलिस ने पाया कि रायगढ़ के ही रहने वाले किशन शर्मा और अतुल कुमार ने चोरी की नीयत घर में घुसकर सीताराम जायसवाल और उनकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल की हत्या की थी।

गोंडवाना के जनरल कोच में थे आरोपीआरोपियों को लगा कि वह पकड़े जाएंगे तो किशन ने अपनी मंगेतर के साथ दिल्ली भागने की योजना बनाई। तीनों गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए निकले थे। दूसरी ओर पुलिस ने तीनों आरोपियों की फोटो रेल सुरक्षा बल को भेजकर उनकी तलाश शुरू कर दी। यहां शनिवार की रात जब गोंडवाना एक्सप्रेस झांसी पहुंची तो आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार कौशिक व क्राइम ब्रांच प्रभारी शिप्रा ने दो टीमों में पूरी ट्रेन को ग्वालियर तक खंगाल डाला। ग्वालियर आने से पहले तीनों आरोपियों को ट्रेन के जनरल कोच से दबोच लिया गया।

**संदिग्धों की फोटो मिलान से हुआ खुलासा**-सहायक रेल सुरक्षा आयुक्त केएन तिवारी ने बताया कि चलती ट्रेन में आरपीएफ टीम ने हर एक संदिग्ध का फोटो से मिलान किया।

इसके बाद जब तीनों आरोपी मिल गए तो उन्हें ग्वालियर स्टेशन पर उतार कर झांसी लाया गया। यहां से रायगढ़ पुलिस को सूचित कर झांसी बुलाया गया। पुलिस के झांसी पहुंचने पर उन्हें सौंप दिया गया है।

## एक नजर

### संयुक्त टीम ने की 54 स्कूल बसों एवं चालकों की जांच



**महासमुंद।** जिला परिवहन अधिकारी और यातायात पुलिस महासमुंद तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा रविवार को जिले में आने वाले पिथोरा, बसना, सरायपाली क्षेत्र के 54 स्कूल बसों की जांच की गई, जांच में 06 बसों से सामान्य त्रुटि पाए जाने पर 20400 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया और श्रद्धा पब्लिक स्कूल की 1 बस में परमिट , फ्लोर जर्जर, मोटर यान कर बकाया पाए जाने पर जप्त कर पिथौरा थाने में ख?ा किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित सभी चालकों का सुगर, बी पी और आंखो की जांच किया गया।साथ ही सभी स्कूल बसों को बताया गया कि बस चालक एवं परिचालक दोनों को वाहन संचालन के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल फास्टेड बॉक्स, अग्निशमन एवं इमरजेंसी डोर का उपयोग करने बतलाया गया। इसके अलावा स्कूली बसों में आने जाने वाले बच्चों को च?ते एवं उतरते समय हमेशा सावधानी के साथ बच्चों उतारने व च?ाने बताया गया। साथ ही स्कूली बसों के संचालन के दौरान किसी प्रकार का शराब सेवन नहीं व नशे की हालत में वाहन नही चलाने और हमेशा यातायात नियमों का पालन करने समझाया गया।उक्त स्कूल बस भौतिक परीक्षण शिविर कार्यक्रम में परिवहन कार्यालय से जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव, रामभरोसा निर्मलकर, विपिन साहू, लखन पटेल, मेघू राम एवं यातायात महासमुंद से प्रधान आरक्षक दर्शन सिदार एवं तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ रिंकू बारीक, बी पी कर, त्रिलोचन चौधरी हेमचंद मांझी समीर पटेल रोहित चौहान उपस्थित रहे।

### विजयपुर क्षेत्र में चल रहा रेत तस्करों का अवैध डंपिंग यार्ड



**रायगढ़, 20 जनवरी।** शहर के भीतर विजयपुर क्षेत्र में खनिज तस्करों का बड़ा खेल चल रहा है। यहां जगह.जगह अवैध डंपिंग यार्ड बनाए गए हैं। जिसमें बिना रॉयल्टी जमा किए चोरी का रेत गिट्टी और लाल ईंट जमा किया जा रहा हैए जहां से हर दिन लाखों रुपए की अवैध बिक्री की जा रही है। खनिज निरीक्षक और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से यह पूरा खेल चल रहा है। इन अधिकारियों का मंथली कमिशन फिक्स है। जिसके कारण शासन को हर दिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।सूत्रों के मुताबिक चंदर नाम का तस्कर इन दिनों पूरे फार्म में है जिसकी खनिज और तहसील के राजस्व कर्मचारियों से साथ गहरी सांठगांठ है। यह खुलेआम चोरी का रेत और गिट्टी डंप कर मनमाने रेट में बेच रहा है। बहरहाल जिला कलेक्टर को चाहिए कि सुशासन के इस सरकार में उनके अधिकारियों की छत्रछाया में विजयपुर में चल रहे इस गोरख धंधे पर रोक लगाने प्रभावी कदम उठाएं ताकि राजस्व के नुकसान को रोका जा सके। वहीं खनिज निरीक्षक और तहसील के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई कर वित्त मंत्री के गृह जिले की गरीमा को ध्वस्त होने से बचाएं।

### महावीर गुरुजी ने की बेटे रमेश के लिए महापौर की दावेदारी



**रायगढ़, 20 जनवरी।** आगामी नगर निगम चुनावों के मद्देनजर भाजपा सेलंबे समय से जुड़े महावीर गुरुजी के पुत्र रमेश चौहान ने ने महापौर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। रमेश ने आज अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा की। महापौर चुनाव में इस बार प्रत्यक्ष रूप से आमजन मतदान देकर चयन करेगी। इस वजह से कड़ी प्रतिस्पर्धा की संभावना नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए नजर आ रही हैं। कई दावेदार मैदान में उतर कर दावेदारी प्रस्तुत किए है जिससे इस बार का चुनाव रोमांचक और महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर गुरुजी के पुत्र रमेश के दावेदारी से हलचल मच गई है।रमेश वर्ष 1996 से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहा है। वर्ष 1998 में रायगढ़ नगर अनुण् जाति मोर्चा महामंत्री का दायित्व निभाया चुका है। रमेश का छोटा भाई स्व.कुंवर सिंह चौहान जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक के पद का दायित्व निभा चुका है।

इसके अलावा उनके पिता महावीर गुरुजी लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए है जिसमें जिलाध्यक्ष भाजपा अनु. जाति मोर्चा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अनु जाति मोर्चा रायपुर छत्तीसगढ़, सदस्य अनु.जाति विकास प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़, वहीं वर्तमान में चौहान समाज रायगढ़ के जिलाध्यक्ष हैं।चौहान समाज का प्रमुख होने के नाते आवेदक के परिवार का समाज में गहरी पैठ भी है। रमेश का पूरा परिवार 30 वर्षों से लगातार भारतीय जनता पार्टी का निष्ठापूर्वक कार्य करते आ रहा है। यही वजह है कि अब वे खुलकर पिता की राजनीतिक दांव पेंच और पार्टी में समर्पण की भावना के मद्देनजर भाजपा से टिकट की दावेदारी पेश की है इससे राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर चलने लगा है। इधर रमेश ने कहा मैं रायगढ़ के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हूं। यदि मुझे यह जिम्मेदारी मिलती है, तो मैं शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का पूरा प्रयास करूंगा।

# 50 लाख के इनामी नक्सली की मां पहुंची दफ्तर और कहा बिना बेटे को देखे नहीं मरूंगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 20 जनवरी।** पुजारी कांकेर में हुए एनकाउंटर में कुल 18 माओवादी मारे गए. मुठभेड़ में 50 लाख का इनामी माओवादी दामोदर राव ऊर्फ मल्लन्ना भी ढेर हुआ है. नक्सली लीडर दामोदर की मां अब बेटे की लाश लेने के लिए तेलंगाना पुलिस के पास पहुंची है. तेलंगाना पुलिस के पास पहुंचकर दामोदर की मां ने बेटे की डेड बॉडी सौंपने की मांग की है. दामोदर की मां का कहना है कि जबतक बेटे का चेहरा नहीं देख लेती तबतक उसकी मौत नहीं होगी. पुजारी कांकेर में मारा गया नक्सली दामोदर काफी खूंखार नक्सली था. पीएलजीए संगठन में बड़े स्तर का नेता था. उसकी क्षमता को देखते हुए ही माओवादियों ने चोक्काराव उर्फ दामोदर उर्फ मल्लन्ना को तेलंगाना राज्य सचिव नियुक्त किया था।

**दामोदर की मां पहुंची पुलिस दफ्तरः**- नक्सली लीडर दामोदर राव की गिनती बड़े माओवादी नेताओं में होती थी. नक्सली संगठन ने दामोदर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी. दामोदर राव इतना खतरनाक नक्सली था कि उस पर पुलिस ने 50 लाख का इनाम घोषित किया था. दामोदर राव को नक्सल संगठन में तब बड़ी जिम्मेदारी मिली जब नक्सलियों के टॉप लीडर की कोरोना से मौत हो गई. कहा जाता है कि यापा नारायण उर्फ हरिभूषण की 21 जून 2021 को छत्तीसगढ़ में कोविड के कारण मौत हो गई थी. यापा की मौत के बाद उसकी जगह पर दामोदर को जिम्मेदारी सौंपी गई.गार्ड और घातक हथियारों से लैस रहता था दामोदर- बीजापुर एनकाउंटर में मारा गया नक्सली दामोदर राव काफी खूंखार नक्सली था. कहा जाता है कि दामोदर की सुरक्षा में हमेशा एक हथियाबंद दस्ता ड्यूटी देता था. खुद दामोदर राव अपनी सुरक्षा के लिए घातक हथियारों से लैस रहता था.

कैसे किया फोर्स ने सफायाः-फोर्स को खुफिया इनपुट मिले थे कि नक्सली अपने बड़े लीडरों के साथ पुजारी कांकेर में बैठक कर रहे हैं. बैठक में बड़ी संख्या में माओवादी जमा हैं. सूत्र ये भी बताते हैं कि पुजारी कांकेर की बैठक में नक्सली कमांडर हिड़मा और कमांडर देवा जो पुवर्ती के करने वाले हैं वो भी शामिल थे. खबर की पुष्टि होने के बाद फोर्स ने इलाके की ओर मूव किया. डीआरजी, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची. ऑपरेशन के दौरान फोर्स ने 12 माओवादियों को मार गिराया. एनकाउंटर के बाद मौके से 12 शव भी माओवादियों के बरामद किए. बाद में माओवादियों की ओर से पर्चा जारी कर कहा गया कि उनके 18 साथी मारे गए हैं. पुजारी कांकेर एनकाउंटर में 1 हजार से ज्यादा जवान शामिल हुए. करीब 9 घंटे से ज्यादा चली मुठभेड़ में जवानों को साल की पहली बड़ी सफलता मिली।

# पूर्व एल्डरमैन विजय अग्रवाल की भाजपा से मजबूत दावेदारी

### अध्यक्ष पद के लिये ठोंकी ताल

**रायगढ़, 20 जनवरी।** इस बार दस वर्षों के लंबे अंतराल बाद धरमजयगढ़ नगर पंचायत में अध्यक्ष का सीट सामान्य मुक्त हुआ है। सामान्य सीट होने से कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख पार्टियों से उम्मीदवार की लिस्ट लंबी है। भाजपा से भी कई नामचीन चेहरों ने दावेदारी पेश की है, जिसमें सामान्य वर्ग के अलावा ओबीसी तरह अन्य वर्ग ने भी बीजेपी आलाकमान को आवेदन देकर टिकट की मांग की है।




नगर के अधिकांश भाजपा समर्थकों का कहना है कि यदि इतने लंबे अंतराल बाद नगर अध्यक्ष का पद सामान्य हुआ है तो किसी सामान्य उम्मीदवार को ही टिकट मिलना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो राजनीति के जानकारों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि सामान्य वर्ग को छोडकर किसी अन्य पिछड़ा वर्ग को यदि टिकट मिलता है तो यहां पार्टी का जनाधार कम हो सकता है। भाजपा के हाथों से अध्यक्ष की सीट खिसक सकती है, नगर में फिलहाल हम यहां भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष के टिकट के प्रबल दावेदारों की बात करें तो फिलहाल दो ही नाम जन चर्चा में हैं, जिसमें पहली फेहरिस्त में नगर के प्रतिष्ठित, मिलनसार, अनुभवी पॉलिटिशियन विजय अग्रवाल का नाम पहले नंबर पर चल रहा है, वहीं दूसरा नाम हरिचरण अग्रवाल का चल रहा है ये दोनों नाम राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं।विदित हो कि विजय अग्रवाल स्थानीय नगर पंचायत में पूर्व एल्डरमैन भी रह चुके हैं, जिसकी वजह से नगर की हर छोटी बड़ी जरूरतों और समस्याओं को वे बारीकी से समझते हैं, अपने पूर्व पार्षदीय कार्यकाल में अपने वार्ड के विकास में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ा है। एक स्थानीय सर्वे के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए नगर के हर समुदाय की जनता की वे पहली पसंद बताए जा रहे हैं, उनकी नगर के सभी समुदाय के लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है, वहीं विजय अग्रवाल भाजपा में काफी लंबे समय से तन मन धन से समर्पित हैं, पार्टी वरिष्ठ अनुभवी नेताओं में उनका शुमार है। इन मायनों में यदि भाजपा शीर्ष नेतृत्व इनको टिकट देती है तो ये इस निकाय चुनावी महासंग्राम में बीजेपी की नैया आसानी से पार लगा सकते हैं। विजय अग्रवाल अध्यक्ष की सीट भाजपा की झोली में डालने का माद्दा रखते हैं, यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

### दस्तावेज सत्यापन 21 जनवरी को

**धमतरी 20 जनवरी ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धमतरी में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए बीते दिनों आवेदन आमंत्रित किए गए थे। संविदा पदों की निर्धारित दिवस में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई। साथ ही सूची को कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा और जिले की वेबसाईट पर अपलोड किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने सभी अनंतिम चयनित एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को 20 एवं 21 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक उपस्थित होकर आवेदन के समय प्रस्तुत सभी दस्तावेज की मूल प्रति के साथ दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित होने की स्थिति में अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा।

### गुटों में बंटी राजनीति कहीं पड़ न जाए भारी

# भाजपा के लिए बहुत कठिन है डगर पनघट की

**रायगढ़, 20 जनवरी।** पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष तथा पार्षदों के आवेदन का सिलसिला तो थम गया, परंतु इन आवेदनों को लेकर जिस प्रकार की गुटबाजी देखी जा रही है, ऐसे में खरसिया नगर के शासन की गद्दी भाजपा के लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकती है। यदि पर्यवेक्षकों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए सटीक नाम नहीं चुना जाएगाए तो प्रदेश की सत्ता में रहते हुए भी भाजपा को नगर की सत्ता से दूर रहना होगा। क्योंकि कांग्रेस ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।




जन-चर्चाओं की मानें तो खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के भिन्न.भिन्न गुटों द्वारा अलग.अलग नामों पर जोर आजमाइश की जा रही है। ऐसे में पर्यवेक्षकों का कर्तव्य है कि जमीनी स्तर से जुड़े कार्यकर्ताओं को इस बार अध्यक्ष पद का अवसर प्रदान करे। वैसे भी भाजपा द्वारा समर्पित कार्यकर्ताओं को ही महत्व दिया जाता है। पालिका का चुनाव नगर के लिए महत्वपूर्ण होता है, ऐसे में सुयोग्य कार्यकर्ताओं को यदि भाजपा अवसर देती हैए तब तो नगर की गद्दी पर भाजपा ही काबिज होगीए परंतु अपने-अपने स्तर पर लगे बहुत से स्थानीय नेताओं द्वारा अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर अपने अपने दांव खेले जा रहे हैं।

कांग्रेस कर रही प्रतीक्षा खरसिया नगर पालिका के पिछले कार्यकाल को देखा जाए तो 18 में से 13 पार्षद कांग्रेस से थे। वहीं कांग्रेस द्वारा अब तक अध्यक्ष तथा पार्षदों को लेकर किसी प्रकार की रणनीति जाहिर नहीं की जा रही है। इसका मतलब यह नहीं कि कांग्रेस हताशा में जी रही है, वरन् कांग्रेस को इस बात का इंतजार है कि भाजपा द्वारा किन प्रत्याशियों को अवसर दिया जा रहा है, ताकि वह उनसे बेहतर प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार सके और अपनी खोई हुई गद्दी पुन- वापस पा सके।

# भोपालपटनम तहसील इकाई का गठन गिरजा शंकर तामड़ी बनाये गए अध्यक्ष



**भोपालपटनम,20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक भोपालपटनम में आयोजित की गई, जिसमें तहसील इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक का आयोजन समाज की कार्यकारिणी को मजबूत और विस्तारित करने के उद्देश्य से किया गया, क्योंकि विगत कुछ वर्षों से कार्यकारिणी में कोई विस्तार नहीं हुआ था।समाज के पूर्व अध्यक्ष तामडी नागैया जी के देहांत के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में आनकारी सुधाकर जी को जिम्मेदारी दी गई थी। हाल ही में जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद अब तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गिरिजा शंकर तामडी को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज भोपालपटनम तहसील के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।बैठक में तहसील संरक्षक नागोराव गुरला, तहसील उपाध्यक्ष सुनील गुरला, ताटी नारायण, गुरला नागेश्वर, सचिव महेश शेट्टी, कोषाध्यक्ष श्रीनंद कुमार मारकोंडा, सह-सचिव बीनाबोईना, मीडिया प्रभारी रवि रापर्ती को ब्लॉक कार्यकारिणी के रूप में मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीरामलाल यादव, जिला सचिव जितेंद्र कोण्ड्रा, विश्वकर्मा जी, कोषाध्यक्ष वी.आर. पडाला, और प्रताप यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।तहसील के अंतर्गत समाज के प्रमुख सदस्यों ने बैठक में भाग लिया, जिनमें आनकारी सुधाकर, नीलम गणपत, आनकारी रवि, टी. लक्ष्मण मूर्ति, कामेश्वर अग्गी, अग्गी संतोष, कोयलकर श्रीनिवास, लंकल रामचंद्रम, पुप्पाला पुरुषोत्तम, प्रकाश निष्ठुरी, मदास चंद्रशेखर, पेंडियाला नंदू, अखिलेश गुरला, तालापल्ली विलास, नीलम संजीव, लिंगम राममूर्ति, ओदेश राव, साईं चेट्टी, और बी. प्रशांत प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में समाज के विकास, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और पिछड़ा वर्ग समाज के उत्थान के लिए योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने समाज के उद्देश्यों और एकजुटता को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और आगामी योजनाओं की घोषणा के साथ हुआ।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंदों को दैनिक सामग्री वितरित की गई



**बीजापुर,20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डी/85 बटा0 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कावगांव जोकि एक अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है। 17 जनवरी 2025 को सुनील कुमार राही कमाण्डेन्ट 85 बटा0 के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सुरेश उरॉव (द्वितीय कमान अधिकारी) 85 बटा0, अंशुल सूर्यवंशी (सहा0 कमा0) कम्पनी कमाण्डर डी/85 बटा0, अजय नेगी (सहा0 कमाण्डेन्ट) एवं डॉ विश्वेन्द्र सिंह (चिकित्सा अधिकारी) के द्वारा ग्राम काव?गॉव के पुरूष, महिलाओं एवं स्कूल के बच्चों को लूंगी, सा?ी, सॉल, कंबल, चप्पल, टी0वी0, फाव?ा, गैती, भगोना, प्लेट, ग्लास, एवं बच्चों को स्कूल ड्रेस, नोट बुक, पेंसिल, क्रिकेट बैट, स्टम्प, टेनिस बॉल, वालीबाल, वालीबाल नेट, फुटबाल, इत्यादि वितरित किया गया। ग्रामीणों द्वारा उक्त कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान जवानों, स्कूली बच्चों एवं जनता में भरपूर जोश व उल्लास देखा गया। सुरक्षा बलों द्वारा ग्रामीणों के लिए किये गये इस प्रकार के कार्यक्रम द्वारा ग्रामीणों एवं सुरक्षाबलों के बीच मजबूत और गहरे रिस्ते बनेंगे, जो भविष्य के विकास और नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# अवैध निर्माण, रावण के घर नोटिस देने पहुंचे राजस्व अमले को लोगों ने घेरा




**रायगढ़, 20 जनवरी।** मारपीट व ठगी के मामलों में जेल में निरूद्ध कुख्यात बदमाश बंटी साहू उर्फ रावण के एफसीआई गोदाम के पास स्थित मकान को बिना अनुमति के निर्माण करने के मामले में पूर्व में नगर निगम की ओर से निर्माण की अनुज्ञा संबधित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया था। इस नोटिस के विरूद्ध बंटी की पत्नी हरावती साहू ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। वहीं हाई.कोर्ट के निर्देश पर दस्तावेज प्रस्तुत करने पन्द्रह दिनों की मोहलत देने के बाद आज फिर निगम के राजस्व विभाग की टीम नोटिस देने पहुंची तब राजस्व अधिकारियों को बंटी के परिजन व आस-पास के करीब दो दर्जन लोगों ने नोटिस लेने से इनकार करते हुए काफी बवाल मचाया।वहीं अधिकारियों ने उसके मकान पर नोटिस चस्पा करते हुए तामिली करवाई है। ठगराज बंटी साहू उर्फ रावण को पुलिस ने मारपीट व ठगी के मामलों में जेल भेजने के बाद नगर निगम द्वारा उसके एफसीआई गोदाम के पाास स्थित मकान को बिना नगर निगम की अनुमति के अवैध निर्माण करना बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया था। वहीं निगम की नोटिस के विरूद्ध बंटी की पत्नी हरावती साहू ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। वहीं हाई कोर्ट ने उसे राहत देते हुए पन्द्रह दिनों की मोहलत दिये जाने का निर्देश निगम प्रशासन को दिया था।समयावधि पूर्ण होने के बाद भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर नगर निगम के राजस्व निरीक्षक हरिकेश्वर लकड़ा विभागीय कर्मचारियों के साथ दस्तावेज प्रस्तुत करने पुनरू नोटिस देने पहुंचे थे। निगम के अधिकारियों को देखते ही बंटी के परिजन व आसपास के कुछ लोग उन पर पील पड़े और नोटिस लेने से इनकार करते हुए बवाल मचाया। काफी देर तक बवाल मचने के बाद नगर निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी किसी तरह परिजनों को शांत कराया तथा मकान पर नोटिस चस्पा कर वे नोटिस की तामिली कराकर वापस लौट गये।

यह है पूरा मामला-बंटी साहू उर्फ रावण के मकान को बिना नगर निगम की अनुमति के निर्माण करना बताते हुए निगम प्रशासन ने अवैध निर्माण को तोडने् के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया था। नगर निगम से मिले नोटिस के विरूद्ध बंटी साहू की पत्नी हरावती साहू उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।

## हरा सोना क्षेत्र के वनवासियों के जीवन में भर रहा खुशियों के रंग

# प्रति मानक बोरा दर में बढ़ोतरी से तेन्दूपता संग्राहक उत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 जनवरी।** जीवन यापन के लिए वन एवं वन उत्पाद पर निर्भर रहने वाले वनवासियों के जीवन में हरा सोना कहे जाने वाले तेन्दूपत्ता खुशियां भर रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण अब फायदे का काम साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार गठन के बाद तेन्दू पत्ता संग्रहण की दर को बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है।इससे तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों में उत्साह का माहौल है।

बलौदाबाजार विकासखंड के छोटे से गाँव बिटकुली की ऊषा सेन की जीवन हर उस महिला की आवाज़ है जो मेहनत और संघर्ष के दम पर अपना जीवन संवारती है। ऊषा, जब पहली बार ससुराल आई थी तो उसने सपनों से भरी आँखों के साथ नये जीवन की शुरुआत की थी लेकिन सपने तब हकीकत बनते है, जब उन्हें पूरा करने की ताकत हो।ऊषा ने ससुराल में अपनी सास के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने का काम शुरू किया। सूरज की पहली किरण के साथ जंगल की ओर बढ़ते कदम और दिनभर की मेहनत ने ऊषा को मजबूत बना दिया। धीरे-धीरे, वह अपने पति माखन सेन के साथ इस काम में जुट गई। बीते 20 सालों से जंगल उसका साथी है और तेंदूपत्ता तोड़ना उसकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा।लेकिन इस काम से मिलने वाली कमाई इतनी कम थी कि परिवार का गुजारा मुश्किल से चलता। फिर एक दिन, सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की परेशानी को समझा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि को 5500 रुपये प्रति मानक बढ़ाकर ऐसे परिवारों के जीवन में रोशनी ला दी। यह खबर ऊषा के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी।अब वह अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा सकती है, घर में जरूरत की चीजें खरीद सकती है और सबसे बड़ी बात, एक आत्मनिर्भर महिला बन चुकी है।ऊषा का चेहरा गर्व से चमकता है जब वह कहती है, हम जंगल के साथ जीते हैं और तेंदूपत्ते हमारी ज़िंदगी हैं। मुख्यमंत्री जी ने हमारे संघर्ष को समझा और हमें नई उम्मीद दी। उनके इस कदम ने हमारी ज़िंदगी बदल दी।उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का धन्यवाद किया है।





## समाचार संक्षेप

### बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह कथा का भक्तों ने किया का रसपान



**छुरा, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पिपराही में पटेल परिवार के सानिध्य में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।प्रवचन कर्ता पंडित ऋषिकेश तिवारी ने कथा के छटवा दिन बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह का रसपानभक्तों को कराया।कथा में छ.ग.सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, समाजसेवी मनोज पटेल जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज ध्रुरवा, उमेन्द्र सोरी नारायण पटेल प्रमुख रुप से शामिल हुए।और राधा कृष्ण के प्रतिमा का पूजा-अर्चन कर क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की साथ ही कथा व्यास पर विराजमान पंडित ऋषिकेश तिवारी जी का शाल एवं श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाना में जीवन लाल पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, देवला पटेल, देवनाराण पटेल, प्रीति पटेल, नारायण पटेल, प्रेमवती पटेल एवं समस्त पटेल परिवार पिपराही भागवत कथा का छटवां दिन में ग्रामीण श्रद्धालुओं सहित आप पास ग्रामीण जन बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंचे रहे।

### पर्यवेक्षक के सामने दावेदारों ने अध्यक्ष पद के लिए की दावेदारी

**भाटापारा, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने भाटापारा कांग्रेस भवन में वरिष्ट कांग्रेस जनों एवं कार्यकर्ताओ से भेंट कर चर्चा की एवं दावेदारों ने उन्हें अपनी दावेदारी प्रस्तुत की नगर पालिका भाटापारा अध्यक्ष के दावेदार में ईश्वर सींग ठाकुर, आलोक मिश्रा, डॉ बसंत भृगु, प्रशांत गांधी, सुशील शर्मा, अजित बाजपेयी, लक्ष्मी पांडे, गोपाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, प्रमिला साहू, आदि सहित लगभग 15 से अधिक प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने अध्यक्ष की दावेदारी पर्यवेक्षक अनिता शर्मा के सामने किए। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, प्रदेश प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल, अमित शर्मा, शहर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, कार्यकारि अध्यक्ष अरुण यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए। नगर पालिका चुनाव के संदर्भ में पूर्व विधायक एवं पर्यवेक्षक अनीता शर्मा का बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। अनीता शर्मा ने कहा कि तेरा मेरा नहीं चलेगा जो जीतने वाला उम्मीदवार है उसे पार्टी टिकट देगी। शर्मा ने आगे कहा की वार्ड स्तर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता जो नाम देंगे ऐसे नाम को प्राथमिकता दिया जाएगा उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का चुनाव है, सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन कार्यकर्ताओं को जीतने के लिए एकता के साथ मैदान में लगेंगे। शर्मा ने आगे कहा कांग्रेस की टिकट किसी एक व्यक्ति के कहने पर नहीं बटेगी। सभी के समन्वय से सक्रिय एवं जीतने वाले उम्मीदवार को अवसर दिया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में खासा उत्साह है।सभी 31 वार्डो में दावेदारों ने बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक दावेदारी प्रस्तुत की तथा संकल्प लिया कि जिस किसी को भी कांग्रेस अधिकृत करेगी उसे सब मिलकर चुनाव जिताएंगे।



### सुहेला में विखं स्तरीय खेल स्पर्धा में का आयोजन




**बलौदाबाजार, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को सेजेस सुहेला में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, व्हालीबाल एवं कबड्डी के लिए 160 प्रतिभागी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाडी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉक्टर डॉ मनोहर लाल ध्रुव ने दीप प्रवलित कर खेल आरंभ किया।नोडल अधिकारी हरबंश एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दौलत पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, दिनेश चवरे, नायब तहसीलदार डी के सामल सुहेला उपस्थित रहे। निर्णायकों में बैडमिंटन हेमेंद्र, अनिरुद्ध राजपूत, व्हालीबाल वीरेंद्र कुमार पटेल, तिलोत्तमा वर्मा, कबड्डी श्रीधर राव, दौलत राम महिलांगे, प्रिया जायसवाल, नरेंद्र साहू, सी. एल. साहू ने सहयोग किया।

## एक नजर

### नगर साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**बलौदाबाजार, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर साहू संघ बलौदा बाजार के मनोनीत पदाधिकारी का आज साहू छात्रावास बलौदा बाजार भवन में पदाधिकारियो का शपथ समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील साहू ने सभी पदाधिकारी को समाज हित के लिए शपथ दिलाया एवं उन्होंने सभी पदाधिकारी को समाज हित में कार्य करने को कहा एवं समाज को एकजुट कर रचनात्मक कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया एवं नगर साहू समाज बलोदा बाजार में समाज के लोगों में जागरूकता लाने का काम करने को कहा।

इस अवसर पर तहसील साहू संघ बलौदा बाजार के अध्यक्ष प्रेम नारायण साहू, जिला साहू संघ के संरक्षक रेवा राम साहू, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष धनंजय साहू, जिला साहू संघ कोषाध्यक्ष राजा राम साहू, किसान प्रकोष्ठ की संयोजक आत्माराम साहू, तहसील साहू संघ बलोदा बाजार के उपाध्यक्ष युगल किशोर साहू, तहसील साहू संघ कसडोल के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, बलौदा बाजार परिक्षेत्र का अध्यक्ष बलदाऊ साहू, तहसील साहू संघ बलौदा बाजार के उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, बलौदा बाजार तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष लेख राम साहू, रिसदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष गंगाराम साहू रोहासी परिक्षेत्र के अध्यक्ष सीताराम साहू , धनेश साहू, अच्छे राम साहू, नगर अध्यक्ष पुनीत साहू, कार्यकारी अध्यक्ष तेनसिंह साहू , कोषाध्यक्ष डॉ रामूराम साहू, उपाध्याय देश राम साहू, उपाध्यक्ष लता देवी साहू, सचिव नरेंद्र साहू, ललिता साहू, मोहन साहू, जतिराम साहू, राजेश साहू, सुनीता साहू, इंदु साहू, संतोष साहू एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

### 26 एवं 30 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जिले के समस्त देशी विदेशी मंदिरा दुकानें को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब आदि जैसे एफएल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ) एवं सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल1 (ख-अहाता) एवं मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब एवं मद्यभण्डारण- भाण्डागार को बंद किया जाना तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण, परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ओम शांति भवन खड़मा के भूमिपूजन में सम्मिलित हुई क्षेत्र की ब्रह्माकुमारी दीदीयां

# सभी के सहयोग से बनेगा आध्यात्मिक भवन

### क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन मूल्य की मिलेगी शिक्षा :राजयोगिनी पुष्पा दीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 20 जनवरी।** गत दिवस खड़मा के ओम शांति भवन में सभा गृह आध्यात्मिक सत्संग भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्य सेवाकेंद्र राजिम की क्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी के मुख्य आतिथ्य में, ब्रह्माकुमारीज़ जिला मुख्यालय गरियाबंद सेवाकेंद्र संचालिका बिंदु दीदी, ब्रह्माकुमारी कुंती बहन कोपरा, बीके शकुंतला दीदी सब सेंटर चंपारण, ब्रह्माकुमारी लेखनी बहन रशेला व ग्राम प्रमुख अवध राम साहू ने सैकड़ो सदस्यों की उपस्थिति में परमात्म पिता शिव बाबा की स्मृति से विधि पूर्वक भूमि पूजन किया गया।



सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी अंशु दीदी ने सभी अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि ईश्वरीय सेवा के निम्मित खड़मा में आज 15 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है।इस दौरान ग्राम एवं आस - पास के क्षेत्र से भाई बहने एवं समाज के वरिष्ठ लोगो ने का बहुत सहयोग रहा।कहा कि सभी के सहयोग से निर्मित भवन छोटा पड़ रहा है। पुनः बड़ी सभा गृह का निर्माण सभी के सहयोग से होना है।

मुख्य अतिथि पुष्पा दीदी ने कहा कि समय प्रमाण अपनी पूण्य कर्मो का खाता जमा करनी है।परमात्मा पिता ने सर्व आत्माओं के सहयोग से ही स्वर्णिम दुनिया का निर्माण कर रहे है।हम सब का उंगली सहयोग से ही यह स्थान तीर्थ बनेगा।जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। वही ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने कहा कि हम सब ने भक्ति काल से श्रेष्टकर्मो के लिए जप, तप, यज्ञ, हवन, भागवत, पुराण आदि अनेक जन्मों से करते आये, जिसका परिणाम अलौकिक ब्राम्हण जन्म ले ईश्वरीय गोद मिला है।यह जन्म, यह समय अनमोल है जो कल्प ने एक ही बार मिलता है।

कोपरा से पहुंची कुंती दीदी ने बताई कि कलयुग के अंत का भी अंतिम समय मे हम सर्व आत्माओ की कल्याण के लिए ईश्वरीय आदेश से यह पवित्र सत्संग भवन बन रहा है जो स्वर्णिम समाज की स्थापना में सहायक होगा यहाँ से क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन मूल्य की शिक्षा मिलेगी।चंपारण से पहुंची बी के शकुंतला दीदी एवं रशेला की लेखनी बहन ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में मनुष्य आत्माये मनोविकारो से इतना ग्रहसित हो गए है, जिससे उनकी निर्णय शक्ति खोती जा रही है।

निज स्वरूप आत्मा को एवं उनकी शक्ति सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान जैसे अमूल्य रत्नों को भूल गए है। जसकी पुनः पहचान इस ईश्वरीय सभा गृह से ही मिलेगी, यह ईश्वरीय ज्ञान से ही मानव मूल्यों की पहचान के साथ समाज का उत्थान होगा। वही ग्राम प्रमुख अवध राम साहू ने कहा कि इस स्थान में आने से असीम शांति की अनुभूति होती है, यह तपो भूमि है जहां परमात्म की ज्ञान, मुरली के माध्यम से शिक्षा हमारी अंशु दीदी द्वारा दी जाती है आप सभी के सहयोग से खड़मा ग्राम का नाम दूर दूर तक पहुंच रहा है, यह ईश्वरीय कार्य के निमित हम सब का सहयोग सदा रहेगा।बहुत सुंदर भवन जल्दी ही तैयार होगा। वही छुरा निवासी सियाराम सिन्हा द्वारा सप्त दिवसीय शिव महापुराण की पूर्णाहुति पर ब्रह्माभोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छुरा, नवगोई, रशेला, कोरासी, मडेली, कनेसर, पीपरछेड़ी, गायडबरी, रानीपरतेवा, अकलवारा, करचाली, खड़मा के संस्थान के सदस्य एवं ग्रामवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। सेवाकेंद्र के ब्रह्मकुमार भाइयो ने दीदियों का स्वागत गजहार से करते हुए ईश्वरीय सौगात भेट कर सम्मान किया गया।

# जनपद सदस्य ने पानी टैंकर की सौगात दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 20 जनवरी।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने जनपद के निधि से पानी टैंकर देकर ग्राम कुसुमकसा को सौगात दिया है। ग्राम पंचायत कुसुमकसा डौन्डी ब्लाक का बड़ा पंचायत है। जहाँ लोगों को सुख दुख के आयोजन में पानी की समस्या होता था। उस समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने जनपद निधि से पानी टैंकर की सौगात दिए। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में कार्यक्रम कर ग्राम पंचायत कुसुमकसा के सरपंच शिव राम सिंदरमे सहित सभी पंच जनों की उपस्थित्ति में टैंकर को पूजा अर्चना कर सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर सरपंच शिवराम सिंदरामे ने कहा कि हमारे ग्राम के लिए बड़ी तोहफा हमे हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस ने दिए है। ग्रामीण आयोजनों और शादी ब्याह दुख और सुख के काम में पानी टैंकर नहीं होने से बहुत ज्यादा परेशानी होता था। और हमे नगर पंचायत चिखलाकसा या पालिका पर निर्भर रहना पड़ता था। पर अब हमारे ही ग्राम पंचायत में टैंकर रहने से समस्या का समाधान हो गया है।

जनपद पंचायत सदस्य संजय बैस ने कहा है कि कुसुमकसा क्षेत्र के ग्रामीण जनों ने ही मुझे अपनी आवाज बना कर आगे किये है जिसको ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के ग्रामीण जनों की सेवा में अपना समय दे पाता हूं। और मेरा कर्तव्य यही रहा है कि मैं अपने कुसुमकसा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जितना संभव हो उतना जनहित के कार्यो को अवसर देते हुए उन्हें पूर्ण कराने का प्रयास करता हु। मेरे ग्रामीण क्षेत्रो के सभी ग्रामवासियों का आशीर्वाद है कि आप सभी की सेवा करने का अवसर निरंतर प्राप्त होता आया है।



ग्राम पंचायत कुसुमकसा में पानी की समस्याओं को निरंतर देखा है इसलिए मैंने अपने निधि से टैंकर उपलब्ध कराते हुए ग्रामीणों के तीज, त्यौहार, शादी एवम अनेकों कार्यो में खुशहाली लाने का प्रयाश किया है। जिसे आज मैंने सभी ग्रामवासियों के चेहरों पर मुस्कान देखर महसूस किया यह मेरा सौभाग्य है। आगे वार्ड पंच नितिन जैन ने कहा कि हमारी उम्मीदों को पूरा करने वाले जनपद सदस्य सदैव कुसुमकसा के हित में काम करते है। जिसका परिणाम आज हमारे गांव को पानी टैंकर को सौगात के रूप में मिला है। मै समस्त ग्रामवासी के तरफ से जनपद सदस्य संजय बैंस का आभार व्यक्त करता हु। इस अवसर पर सचिव सुखीत, पंच प्रेमचंद जैन, उप सरपंच दीपक यादव, संतोष जैन, मोनू गुप्ता, गजेंद्र सिन्हा, कमलकांत साहू, मोती कुचेरिया चंकी जेठवानी मनीष जेठवानी देवराज जैन गौरी शंकर साहू सुरेंद्र मंडावी लोकेश सिन्हा जावेद खान जी उपस्थित थे।

### वायु सेना अग्निवीर भर्ती के लिए 27 तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 20 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित महिला, पुरुष आवेदकों से 27 जनवरी 2025 को मध्यरात्रि 11 बजे के पूर्व ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन हेतु आवेदक की जन्म तिथि 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हो। पुरूष आवेदक की ऊंचाई 152 से.मी. एवं महिला आवेदक की उचाई 152 से.मी. हो। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 10+2 विज्ञान संकाय से एवं अन्य विज्ञान संकाय से गणित, भौतिकी, एवं अंग्रेजी में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया हो एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत हो या तीन वर्षीय डिप्लोमा (पॉलीटेक्निक) 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। सांइस विषय के अलावा किसी भी अन्य स्ट्रीम से 12वीं पास 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत होने चाहिए। चयन के लिए 22 मार्च 2025 से ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद फिजिकल फ्टिनेश टेस्ट होगा। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु विस्तृत जानकारी https://agnipathvayu.cdac.in पर देख सकते है।

## पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती का विरोध, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम धमतरी को सौंपा ज्ञापन

# ओबीसी संयोजन समिति ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

■ **जनपद सीईओ और एडीईओ को कारण बताओ नोटिस**

**भखारा, 20 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में पूर्व से दी जा रहीं ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने के लिए अवैधानिक तरीके से प्रक्रियाओं का पालन किए बिना ही ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने वाली पंचायत राज अधिनियम के धारा 129(ङ.) की उपधारा (03) को लोप करके आरक्षण रोस्टर जारी किया है जिससे छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में ओबीसी आरक्षण समाप्त हो गई है।




जिन क्षेत्र में ओबीसी की आबादी 50त्न है वहां तो ओबीसी आरक्षण को समाप्त किया ही गया है, जिन क्षेत्रों में ओबीसी की आबादी50त्न से 100त्न है वहां भी ओबीसी आरक्षण को समाप्त कर अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के लिए आराक्षित कर दिया गया है जिसके कारण ओबीसी समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधि, सामाजिक प्रमुख एवं आम जन अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं । जो किसी बड़ी जन संघर्ष की और संकेत दे रहा है।

ओबीसी संयोजन समिति ने वर्तमान पंचायती राज अधिनियम में की गई संशोधन एवं जारी नई आरक्षण रोस्टर को निरस्त करते हुए पूर्व आरक्षण रोस्टर के आधार पर ओबीसी वर्ग को भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तरह ही आबादी के अनुपात में बराबर हिस्सेदारी देने वाली आरक्षण रोस्टर के आधार पर त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव करवाने की मांग की है और मांग पूरी नही होने की स्थिति में ओबीसी समाज के द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करने का एलान किया है।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष टिकेश्वर अभिनव सिंह, पूर्णकालिक प्रचारक युवराज सिंह, जिला अध्यक्ष चेतन साखरे, जिला प्रभारी समारोह सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शडानंद, राजेश साहू, दुर्ग संभाग अध्यक्ष कुल्हारा, बालोद जिला अध्यक्ष बल्दू राम, सतवंत सिंह महिलांग, चौथ राम, नीलकमल, भीखम साहू, आशीष साहू, रामबिशाल साहू, अंकालु राम, परमानंद साहू, प्रभु दयाल, चाणक्य यादव, अंगेश्वर, लक्ष्मी चंद धनकर, चमरू राम, हुलेश, मेघनाथ, चंद्रमणि, भूपेंद्र गंजीर, नरेन्द्र धरमगुड़ी, अजय, चेतन लाल, प्रहलाद, महेश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

**संदर्भः- जिला- राजनांदगाँव**
**तहसील- छुरिया प.ह.न.- 00020**
**छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**
**CG-2024-25-128-1-1103**

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी मनभावन सिंह उईके पिता/पति- लखन सिंह ऊईके पता-ग्राम छुरियाकला तहसील छुरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 538/5 (0.0243) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हामसिंग उर्वशा पिता/पति- गैंदलाल उर्वशा पता-चारभाठा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**VIJAY KOTHARI**
**तहसीलदार**
**तहसील-छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

**संदर्भ :- जिला- राजनांदगाँव**
**तहसील-छुरिया प.ह.न.-00020**
**छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**
**CG-2024-25-128-1-1128**

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी मनभावन सिंह उईके पिता/पति- लखन सिंह उईके पता-ग्राम छुरियाकला तहसील छुरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 538/5(0.0243) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सोनिया देवी पिता/पति- टीकेश कुमार पता-ग्राम छुरियाकला तहसील छुरिया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**VIJAY KOTHARI**
**तहसीलदार**
**तहसील-छुरिया**

एक नजर

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाए सात चक्रों के चमत्कार



**रायपुर, 20 जनवरी।** मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल का वार्षिकोत्सव मैक कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था सात चक्रों के चमत्कार थीम पर आधारित प्रस्तुतियां। जिनमें बच्चों ने नृत्य और नाटकों के माध्यम से प्रत्येक चक्र का महत्व और हमारी ज़िंदगी में उनकी भूमिका को बड़ी खूबसूरती से दिखाया। इस गरिमामय अवसर पर दैनिक भास्कर के स्टेट एडिटर शिव दुबे, और प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक वर्निका शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने प्रत्येक चक्र–मूलाधार से सहस्त्रार तक–के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने दिखाया कि कैसे ये चक्र बच्चों के शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक विकास में सहायक हो सकते हैं। गीतों, नृत्य और संवादों के माध्यम से बच्चों ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और संतुलन बनाए रखने के संदेश भी दिए।

### विवेकानंद जयंती 21 को

**रायपुर, 20 जनवरी (मुख्य नगर संवाददाता)।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम में स्वामी विवेकानंद की जयंती 21 जनवरी को मनाई जाएगी। इस अवसर पर हवन-पूजन एवं भजन का आयोजन किया गया है। दोपहर पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। मिशन के सचिव स्वामी अव्ययात्मानंद ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि वे आरती, प्रार्थना व भजन में शामिल होवे।

### प्राण प्रतिष्ठा 21 को

**रायपुर, 20 जनवरी।** धरमपुरा में श्री हनुमान मंदिर का श्री जैतूसाव मठ न्यास समिति के सहयोग से पुनर्निमाण किया गया है। मंदिर में 21 जनवरी को श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा की जावेगी। इस अवसर पर प्रातः नौ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे पूजा प्रारंभ होगी। शाम छः बजे से भंडारा व इसके बाद भजन का कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि कलेक्टर गौरव सिंह व पूर्व विधायक महंत रामसुंदर दास होंगे। यह जानकारी न्यासी अजय तिवारी ने दी है।

### मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर, 20 जनवरी।** तेलीबांधा पुलिस ने महासमुंद बेरियर चौक के पास पशु परिवहन करते पिकअप वाहन को पकड़ा। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महासमुंद बेरियर के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2318 को पशु परिवहन करते रोका गया। वाहन में तीन भैस था, जिसे पुलिस ने जब्त किया है। वहीं वाहन चालक मोहम्मद गुलाम नवी के खिलाफ पशु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

# लोकलुभावन नीतियों एवं घोषणाओं पर विराम

## निगम चुनाव कराने शिक्षकों एवं संबंधित कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 20 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथियों की घोषणा होने के बाद आज शाम से ही आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके कारण लोकलुभावन नीतियों, घोषणाओं, नई नियुक्तियों, पदोन्नति, स्थानांतरण एवं नए विकास कार्यों की स्वीकृति पर रोक लग गई है। प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमण्डल के विस्तार और धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर भी विराम लग जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव का जिम्मा जिला स्तर के अधिकारियों को सौंपा जा रहा है। कलेक्टरों को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके पश्चात जिले में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार आचार संहिता शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से प्रभावशील होगी। ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के कई मुख्य काम प्रभावित होंगे।

### गली मोहल्लों में उमड़ी दावेदारों की भीड़

राजधानी में इस समय 70 वार्डों में विभिन्न दलों के संभावित दावेदार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वालों ने फ्लैक्स एवं वाल राइटिंग के माध्यम से अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है, लेकिन दावेदार अपने आकाओं के संपर्क में हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल पश्चिम क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे अपने-अपने समर्थकों को टिकिट दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू एवं बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी के पंसदीदा लोगों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस की आज विधायकों की बैठक हो रही है। राजीव भवन में इस बैठक में रणनीति बनाने पर चर्चा हो रही है। भाजपा संगठन ने सभी दावेदारों से आवेदन मंगा लिए हैं। राजधानी के 70 वार्डों में से 23 वार्ड आरक्षित हैं, इसलिए सामान्य वर्ग के वार्डों में सबसे ज्यादा दावेदार सामने आए हैं। महापौर पद के दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गेंदसिंह को शहादत दिवस पर किया नमन



**रायपुर 20 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गेंदसिंह को याद करते हुए कहा कि परलकोट जमींदारी के जमींदार शहीद गेंद सिंह ने ब्रिटिश अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध स्वतंत्रता आंदोलन का शंखनाद किया था। शहीद गेंद सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया और अपने क्षेत्र में अंग्रेजी शासन की नीतियों का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि हम सभी शहीद गेंद सिंह का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें और समाज के उत्थान में अपना योगदान दें।

बस्तर के आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले मुक्ति आंदोलन के नायक शहीद गेंदसिंह का मातृभूमि की मुक्ति के लिए दिया गया अविस्मरणीय बलिदान हम सभी को देशसेवा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा देते रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय हलबा हलबी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र महला, श्री आई.आर. देहारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले कांग्रेस की बैठक

**रायपुर, 20 जनवरी।** निकाय चुनाव की घोषणा से पहले छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी बैठक आज राजीव भवन में शुरू हो गई है। इस बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और 20 से अधिक कांग्रेस विधायक शामिल हुए हैं। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव की रणनीति और प्रत्याशी चयन के मापदंडों पर चर्चा हो रही है, ताकि पार्टी आगामी नगरीय निकाय चुनाव में मजबूत स्थिति में रह सके। इसके साथ ही कांग्रेस के सहप्रभारी विजय जांगिड़, ज़रिता लैतफ्लांग और एस शंपथ कुमार भी बैठक में मौजूद हैं। यह बैठक पार्टी की चुनावी तैयारी का हिस्सा है, जिसमें चुनावी दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे और पार्टी के प्रत्याशियों के चयन को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।



# सरकार 31 जनवरी के पहले किसानों को पूरा 3100 रुपए के हिसाब से भुगतान करे : बैज

**रायपुर, 20 जनवरी।** साय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों के धान की अतिशेष राशि फरवरी के दूसरे हफ्ते में दिये जाने के निर्णय को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने धोखा बताया है। सरकार धान खरीदी की तिथि समाप्त होने अर्थात 31 जनवरी के पहले किसानों का पूरा भुगतान करे। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किसानों से वादा किया था धान के खरीदी 3100 रु क्विंटल की दर से की जाएगी और एकमुश्त भुगतान ग्राम पंचायत भवन में किसानों को नगद किया जाएगा। जो अब तक धान खरीदी के दौरान कहीं देखने को नहीं मिला है, यह किसानों के साथ धोखा है और भाजपा का चरित्र वादाखिलाफी करना है। नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव के कारण तिथि घोषित की जा रही है। सरकार की मंशा किसानों का पैसा देने की नहीं है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी के अंतिम चरण में सरकार धान नहीं खरीदना चाह रही। किसान धान बेचने भटक रहे, उन्हें बारदाना नहीं मिल पा रहा है, टोकन नहीं दिया जा रहा है, धान खरीदी केंद्रों में धान जमा हो गया है, कस्टम मिलिंग हो नहीं पा रहा है। प्रदेश के कई धान केंद्रों में एक सप्ताह से अधिक हो गया है धान की खरीदी नहीं हो रही है। सरकार फर्जी और गुमराह करने वाले आंकड़े जारी करके धान खरीदी को बेहतर बता रही है और खुद के हाथ से पीठ थपथपा रही है जबकि किसान हताश और परेशान धान खरीदी केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का चरित्र ही धोखा बाजी है। भाजपा की केंद्र सरकार 11 साल से किसानों को धोखा दे रही है। छत्तीसगढ़ में 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान भी किसानों को भारी तकलीफें का सामना करना पड़ा था और एक बार फिर वही स्थिति और परिस्थितियों किसानों के सामने उत्पन्न हो गई है। रवि फसल लगाने के समय किसानों को बीज, खाद और आर्थिक मदद जो बैंकों से मिलता था, उसके लिए भी इनको भटकना पड़ रहा, सरकार का रवैया किसान विरोधी है, किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाला है।

## महाकुंभ के लिए छत्तीसगढ़ से 8 स्पेशल ट्रेन

**रायपुर, 20 जनवरी।** महाकुंभ 2025 के लिए श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है. छत्तीसगढ़ के रायगढ़, दुर्ग और बिलासपुर से वाराणसी के लिए 8 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा. ये ट्रेनें 25 जनवरी से 24 फरवरी के बीच अलग-अलग दिनों में चलाई जाएगी. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के CPRO डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने बताया, इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन न केवल यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं को महाकुंभ के पवित्र स्नान का सपना पूरा करने का मौका भी देगा. छत्तीसगढ़ से वाराणसी तक की यह पहल श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी, जिससे उनकी यात्रा सुगम और आरामदायक होगी।

धरना




**रायपुर, 20 जनवरी।** नाली निर्माण को लेकर समता व चौबे कालोनी के लोगों के साथ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सड़क पर धरना दिया।

# मेश्राम लिखित किताब का विमोचन

**रायपुर, 20 जनवरी।** अंग्रेजी की जीएस मेश्राम द्वारा लिखी गई संवेदनशील पुस्तक डिसपरेट रिलेशन का विमोचन महत्वपूर्ण सामाजिक, साहित्यिक संस्था माता सावित्री फाउंडेशन 2020 के बैनर तले मुख्य अतिथि राजकुमार कॉलेज के पूर्व अध्यापक, प्रख्यात कवि, लेखक, चिंतक संजीव ठाकुर, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लेखक शिव ग्वालानी, साहित्यकार रामेश्वर शर्मा, डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव के द्वारा वृंदावन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में किया गया।




मुख्य अतिथि संजीव ठाकुर नें अंग्रेजी तथा हिंदी में इस महत्वपूर्ण किताब पर प्रकाश डालते हुए कहा की माता सरस्वती का आशीर्वाद मिलता है तब ही किसी किताब या कृति का लेखन और प्रकाशन होता है, बैंक कर्मी एवं समाजसेवी जी एस मेश्राम ने बड़ी मेहनत से 5 वर्षों में इस अंग्रेजी की कृति का प्रकाशन किया है येसबुड यूनिवर्सिटी लुसाका जांबिया से उन्हें सोशल वर्क मे आनरेरी पीएचडी भी मिली है उन्होंने कहा किसी भी लेखक की प्रथम कृति उसके लेखकीय जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती है उन्होंने इस अवसर पर अपनी कविताओं के माध्यम से जीवन के अनेक पहलुओं पर अपने विचार रखें एवं लेखक को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। लेखक समाजसेवी शिव ग्वालानी ने अपनी बात रखते हुए कहा अंग्रेजी में किताब लिखना एक साहस का काम है, उन्हें अपने जीवन के अनुभव तथा किताब के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर लेखक जी एस मेश्राम ने भी अंग्रेजी की किताब के लेखन के संबंध में इसके विभिन्न पहलुओं तथा कथानक पर अपनी बात रखी इसी तरह रामेश्वर शर्मा डॉक्टर सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथि टी आर उइके, प्रमोद घरड़े (दलित चेम्बर आफ कामर्स), कार्यक्रम के संचालक पुरुषोत्तम मेश्राम ने किताब के संदर्भ में अपने अपने वक्तव्य रखे। इस अवसर पर जगदीश भिमटे कमलेश बंसोड विजय गजघाटे, प्रदीप रंगारी मंच संचालन पुरूषोत्तम मेश्राम, प्रतिभा मेश्राम, उषा उईके, सुशीला भिमटे, विजयलक्ष्मी रामटेक एव अन्य रसिक श्रोता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन पुस्तक के लेखक जीएस मेश्राम ने किया।

# थाईलैंड में भारतीय प्रतिभा का परचम लहराया

**रायपुर, 20 जनवरी।** जेके फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता और रनवे शो मिस और मिसेज जेके यूनिवर्स इंटरनेशनल 2025÷ का दूसरा सीजन थाईलैंड में संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन ग्लैमर और टैलेंट का अद्भुत संगम साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और आकर्षण का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मिस कैटेगरी, मिसेज गोल्ड कैटेगरी और मिसेज़ क्लासिक कैटेगरी जे के यूनिवर्स का इंटरनेशनल इवेंट थाईलैंड पटाया के होटल सन बीम मे किया गया। इवेंट मे सी बीच राउंड कोरल आई लेंड मे किया गया और स्वीमिंग राउंड मे सभी प्रतिभागियों अपना बेस्ट दिया! ग्रोमिंग सार्थक चौधरी द्वारा सभी प्रतिभागियों. को दिया गया। मिसेस गोल्ड कैटेगरी मे सुजैन खान, क्लासिक कैटेगरी मे यशु सोनी और मिस कैटेगरी मे यशस्वीनी रेड्डी खिताब जीतकर अपने देश भारत का नाम गर्व से ऊंचा किया।



# महिला ने युवक को उतारा मौत के घाट

**रायपुर, 20 जनवरी।** शारदा विहार कालोनी टेमरी में एक महिला ने युवक के सिर पर हथौड़ा से हमला कर हत्या कर दी। मामले में माना पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय जांगड़े 36 वर्ष ग्राम बनरसी का रहने वाला था। बताया जाता है कि शारदा विहार कालोनी टेमरी में आरोपिया पुष्पा बंजारे 38 वर्ष किसी बात को लेकर संजय से विवाद किया और हथौड़ा से सिर पर वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपिया को हिरासत में लिया है।



भाजपाइयों ने पार्षद के दावेदार के खिलाफ खोला मोर्चा

# दागी व आपराधिक प्रवृत्ति के नेता को टिकट बर्दाश्त नहीं

**रायपुर, 20 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कुम्हारी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और अन्य नेताओं को पत्र लिखकर कुम्हारी नगर पालिका के वार्ड 14 से भाजपा के पार्षद पद के दावेदार राकेश पांडे का खुलकर विरोध किया है। उनका कहना है कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को टिकट देने से पार्टी की छवि पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ता सात्विक तिवारी ने पत्र में कहा कि राकेश पांडे के खिलाफ 2017 में लकड़ी तस्करी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें गंभीर धाराएं लगाई गई थी। यह भी आरोप लगाया गया है कि पांडे को जेल की सजा भी हुई थी और वर्तमान में वह जमानत पर बाहर हैं। इसके अलावा उन पर नहर की भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप भी लगाए गए हैं। सिचाई विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन पांडे ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर कब्जा नहीं हटवाया।

### ऐसे लोगों का पार्टी में कोई स्थान न हो : तिवारी

सात्विक तिवारी ने पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि ऐसे लोग जो अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं और राजनीति का उपयोग अपने अपराधों को संरक्षण देने के लिए करते हैं, उनका पार्टी में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। पार्टी के सिद्धांतों और कार्यकर्ताओं के मनोबल को बनाए रखने के लिए ऐसे लोगों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए।

उन्होंने आग्रह किया कि पार्टी कुम्हारी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 14 से राकेश पांडे की दावेदारी को नजरअंदाज करे और ऐसे दागी और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को टिकट न दें। तिवारी ने इस पत्र के माध्यम से भाजपा की शुचिता और लोकहित की नीति को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व से न्याय की अपील की है।



# अदाणी-इस्कॉन मना रहे हैं ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ

**रायपुर, 20 जनवरी।** पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फअध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुथरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है। महाकुंभ में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन खाना बनाने के लिए सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। हर रोज एक रसोई में 150 क्विंटल सब्जी की खपत होती है। पूरी महाकुंभ सिटी में इस तरह से 3 विशाल रसोई बनाए गए हैं। इस लिहाज से प्रतिदिन लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है। इसे प्रतिदिन सुबह खरीदकर किचन स्थल तक पहुंचाया जाता है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26